दैनिक

मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

RNI. No. 69062/94

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का समाचार पत्र

# प्रभात परिक्रमा

वर्षः 30 | अंकः 251 | भोपाल, गुरुवार 25 सितंबर 2025 | पृष्ठः 08 | मूल्यः 1 रुपए



**आवश्यकता है**

दैनिक प्रभात परिक्रमा समाचार पत्र को प्रदेश के सभी जिलों एवं तहसील स्तर पर संवाददाता एवं एजेंटों की आवश्यकता है

: संपर्क :

9425023929




## कुष्माण्डा

**(चौथा दिन)**

**सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।**
**दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे।।**

माँ दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कुष्माण्डा है। अपनी मन्द, हल्की हँसी द्वारा अण्ड अर्थात् ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कुष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने 'ईषत' हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### जेल से रिहा होने के बाद भी कम नहीं हुई आजम खान की मुश्किलें

**नई दिल्ली एजेंसी।** समाजवादी पार्टी नेता और मंत्री आजम खान को 23 महीने बाद जमानत मिलने के बावजूद, उनकी मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं। उन पर कई मामलों में जाँच चल रही है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी शामिल है। इस प्रोजेक्ट में सरकारी धन के दुरुपयोग और अनियमितताओं को लेकर ईडी जाँच कर रही है। ईडी ने करोड़ों की संपत्ति जब्त करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ईडी उन भर्तियों में हुई गड़बड़ियों की भी जाँच कर रही है जो जल निगम में हुई थीं। ईडी के अलावा, आयकर विभाग भी आजम खान, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा, और बेटे अब्दुल्ला आजम की आय से अधिक संपत्ति के मामलों की जाँच कर रहा है।

### लालू यादव का परिवार मुश्किल में, 13 अक्टूबर का दिन होगा अहम

**पटना एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों के ऐलान से पहले लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। आईआरसीटीसी होटल घोटाला में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को बुलाया है। केस में आगामी 13 अक्टूबर को अदालत आरोपों पर अपना फैसला देगी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को इस दिन कोर्ट में हाजिर होने को कहा है। यह मामला साल 2004 से 2009 से बीच का है।

### एमपी में अब तक 44 इंच बारिश; कल 3 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

# 6 दिन पहले मानसून की विदाई नीमच, मुरैना-भिंड से लौटा



भोपाल | नगर संवाददाता

मध्यप्रदेश से मानसून की वापसी शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने बुधवार को नीमच, श्योपुर, मुरैना और भिंड से मानसून की विदाई होने की घोषणा कर दी। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने कहा- दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी आज उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश के कुछ भागों से हो गई है। यह मुख्यतः नीमच, श्योपुर, मुरैना और भिंड जिलों से दर्ज की गई है। आने वाले 2 से 3 दिन में मध्यप्रदेश के कुछ और जिलों से मानसून लौटने की संभावना है। मानसून की विदाई के बीच प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई।

सीधी में 36 मिमी यानी, करीब डेढ़ इंच पानी गिर गया। भोपाल के कुछ इलाकों में दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी हुई। बैतूल, नर्मदापुरम, रीवा, उमरिया, बालाघाट में भी बारिश दर्ज की गई। मध्यप्रदेश में अब तक 44 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 19 प्रतिशत ज्यादा है। गुना और रायसेन ऐसे जिले हैं, जहां 61 इंच से अधिक पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, सितंबर के आखिरी दिनों में भी तेज बारिश होगी। बुधवार को 3 जिले- सिवनी, मंडला और बालाघाट में अलर्ट है। इस साल मानसून ने मध्यप्रदेश में 16 जून को दस्तक दी थी। समय से एक दिन बाद मानसून प्रदेश में एंटर हुआ था। बुधवार को जिन जिलों से मानसून की विदाई हुई है, उनमें अमूमन 30 सितंबर तक ऐसा होता है। इस बार 6 दिन पहले ही यहां से मानसून लौट गया है।

#### अभी तीन सिस्टम एक्टिव, प्रदेश में भी असर

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने कहा- फिलहाल लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक ट्रफ की एक्टिविटी है। इनका असर बुधवार को दक्षिणी हिस्से के 3 जिलों में देखने को मिल सकता है। वहीं, कई जिलों में हल्की बारिश भी हो सकती है।

#### अब तक 119 प्रतिशत बारिश हुई

मध्यप्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 44 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 36.7 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 7.3 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। यह कोटा पिछले सप्ताह ही पूरा हो गया है।

### पटना में सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई

## कांग्रेस ने कहा- बिहार में बनेगी महागठबंधन की सरकार



#### जनता से सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील

एजेंसी | पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होता उससे पहले पटना में बुधवार को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक करीब साढ़े चार घंटे चली और इसमें कांग्रेस की शीर्ष इकाई ने कई राजनीतिक, कूटनीतिक और सामाजिक प्रस्ताव पारित किए। पार्टी ने इस बैठक के बाद स्पष्ट संकेत दिए कि महागठबंधन की सरकार बिहार में दो महीने के भीतर बनने जा रही है। इसी के साथ कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, सलमान खुर्शीद, सचिन पायलट जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पटना के सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अयोजित बैठक में हिस्सा लेने सुबह राहुल गांधी पहुंचे।

बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, कि तेलंगाना में सितंबर 2023 में सीडब्ल्यूसी की बैठक के दो महीने बाद कांग्रेस की सरकार बनी थी, और बिहार में भी दो महीने के भीतर महागठबंधन सत्ता संभालेगा। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान का विस्तार किया जाएगा और पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी और नीतीश कुमार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि बीजेपी नीतीश कुमार को मानसिक रूप से रिटायर्ड मानती है और उन्हें बोझ समझती है। खड़गे ने बेरोजगारी, किसान, बाढ़ और वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर एनडीए सरकार की आलोचना की।

### 6.69 लाख धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ बोनस राशि अंतरित की

## धान उत्पादक किसानों को दीपावली से पहले ही बोनस के रूप में दिया तोहफा : मुख्यमंत्री यादव

- किसानों की आर्थिक मजबूती से ही प्रदेश बनेगा समृद्ध
- 245 करोड़ लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

भोपाल | नगर संवाददाता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश का उदर-पोषण करने वाले अन्नदाताओं की खुशहाली में ही हम सबकी खुशहाली है। अन्नदाताओं की आर्थिक मजबूती ही देश और प्रदेश के विकास और समृद्धि का आधार है। हमारी सरकार ने किसानों के सभी हितों का विशेष ध्यान रखा है। हमारी विकास नीतियों के मूल में किसान ही हैं।

गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के लिए हम मिशन मोड में आगे बढ़ रहे हैं। किसानों को उनके हर वाजिब हक के साथ-साथ हमारी सरकार किसान सम्मान निधि भी दे रही है। यह निधि किसानों के प्रति हमारे सम्मान की अभिव्यक्ति है। किसानों के कल्याण और इनकी समृद्धि के लिए हमारी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बालाघाट जिले के कटंगी तहसील मुख्यालय में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 6 लाख 69 हजार 272 धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की प्रोत्साहन (बोनस) राशि सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में अंतरित की। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जित करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार अधिकतम 10 हजार रूपये की बोनस राशि देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले में करीब 245 करोड़ रुपये की लागत वाले 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इसमें 39 करोड़ रूपए लागत से बालाघाट में सरेखा आर.ओ.बी. एवं परसवाड़ा में 31 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण भी शामिल है।



#### मुख्यमंत्री ने दी अनेक सौगातें

किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि कटंगी में नया सामुदायिक अस्पताल बनाया जाएगा। हाईस्कूल को हायर सेकेंड्री स्कूल में प्रोन्नत किया जाएगा। कटंगी से सिवनी राजमार्ग पर नया सेतु बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के किसानों की बड़ी समस्या का निदान करते हुए कहा कि पेंच नेशनल पार्क की परिधि क्षेत्र से लगे खेतों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए चारों ओर सोलर फेंसिंग कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजीव सागर सिंचाई परियोजना से नहलेसरा बांध को इंटरलिंक कराने के लिए परीक्षण कराकर कार्ययोजना तैयार कराई जाएगी।

## ऑपरेशन महादेवः पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

- आतंकियों के आने-जाने और छिपने का इंतजाम किया था, ऑपरेशन महादेव के दौरान मिला सुराग

एजेंसी | श्रीनगर



पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार पकड़ा गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार शाम को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम यूसुफ कटारी है। 26 साल का आरोपी कुलगाम का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूसुफ ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था। उसे गिरफ्तार करने के बाद 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि आरोपी कटारी स्थानीय बच्चों को पढ़ाता था।

कुछ दिन पहले वह आतंकियों के संपर्क में आया और फिर उनकी मदद करने लगा। पुलिस को कटारी के बारे में सुराग ऑपरेशन महादेव में बरामद हथियारों की जांच के दौरान मिला।

## फांसी न होने वाली होः सुनवाई के लिए तब तक सूचीबद्ध नहीं करूंगा

**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश और नवंबर में भारत के अगले सीजेआई बनने वाले जस्टिस सूर्यकांत ने मंगलवार को एक वकील की तगड़ी फटकार लगा दी। उन्होंने कहा कि वे किसी मामले को उसी दिन तत्काल सुनवाई के लिए तब तक सूचीबद्ध नहीं करूंगा, जब तक कि किसी की फांसी न होने वाली हो। उन्होंने पूछा कि क्या कोई जजों की व्यथा, उनके काम के घंटों और उनकी नींद की कमी को समझता है। दरअसल सुबह की मेंशनिंग सेशन के दौरान वकील ने अपने याचिकाकर्ता के मकान की उसी दिन नीलामी होने का हवाला देकर पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, जब तक किसी को फांसी न होने वाली हो, मैं कभी भी किसी मामले को उसी दिन सूचीबद्ध नहीं करूंगा।

## लेह में छात्रों और युवाओं का हिंसक प्रदर्शन भाजपा दफ्तर को आग के हवाले किया

- पुलिस वैन में लगा दी आग, पुलिस ने उग्र छात्रों पर लाठीचार्ज किया

एजेंसी | लेह



केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की राजधानी लेह में छात्रों और युवाओं का प्रदर्शन ने तब हिंसक रूप ले लिया, जब प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के दफ्तर पर पत्थरबाजी कर ऑफिस को आग के हवाले कर दिया। आंदोलनकारी युवाओं को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इससे लोग और उग्र हो गए और पत्थरबाजी करने लगे।

पुलिस कार्रवाई से भड़के प्रदर्शनकारी छात्रों ने पुलिस वैन को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने उग्र छात्रों पर लाठीचार्ज भी किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने लेह में भाजपा कार्यालय के बाहर सुरक्षा वाहन को आग लगा दी। उन्होंने बताया कि व्यवस्था बहाल करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है। छात्रों का यह विरोध प्रदर्शन लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग के समर्थन में है। इसी मांग को लेकर मशहूर पर्यावरणविद सोनम वांगुचक बीते 15 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उन्हीं के समर्थन में छात्रों का बड़ा हुजूम लेह की सड़कों पर उतरा और केंद्र सरकार से लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करने लगा।

## स्वामी चैतन्यानंद के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज, 17 छात्राओं ने की शिकायत



एजेंसी | नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली में वसंत कुंज स्थित एक आश्रम में चल रहे निजी इंस्टीट्यूट के प्रबंधक स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती के खिलाफ पुलिस ने छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज किया है। चैतन्यानंद पर पूर्व में भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं।

पूछताछ के दौरान संस्थान की 17 छात्राओं ने स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर छेड़छाड़ व अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए थे। श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट की छात्राओं ने चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

संस्थान के प्रशासक पीए मुरली की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह संस्थान शारदापीठ श्रृंगेरी से जुड़ा हुआ है। पीए मुरली की ओर से वसंत कुंज नॉर्थ थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के साथ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ डॉ स्वामी पार्थसारथी ने यौन उत्पीड़न किया। पीड़ित छात्राएं ईडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के तहत पीजीडीएम (पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कोर्स कर रही हैं।

पीड़िताओं के बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी की आखिरी लोकेशन आगरा के पास पाई गई थी और उसकी तलाश जारी है। घटना के बाद श्री शारदा संस्थान और श्रृंगेरी मठ प्रशासन ने आरोपी को सभी पदों से हटा दिया है और उससे संबंध समाप्त कर दिए हैं।

## पीएम मोदी और ट्रंप की जल्द हो सकती है मुलाकात कई मुद्दों पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत और अमेरिका के व्यापारिक रिश्ते अच्छे नहीं हैं। कई मुद्दों को लेकर दोनों देशों में पटरी नहीं बैठ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार बार झूठ बोलते हैं और नए नए आदेश भारत के खिलाफ लेकर आते हैं। ऐसे में भारत भी है कि वो अपने देशहित के लिए किसी के आगे झुकने को तैयार नहीं है। इसी बीच खबर आ रही है कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जल्द मुलाकात होने वाली है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के एक बयान से भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर शुभ संकेत आते दिख रहे हैं।

### आईसीसी टी-20 रैंकिंग | अभिषेक बैटर, वरुण बॉलर्स, हार्दिक ऑलराउंडर्स में नंबर-1

# भारत चारों कैटेगरी में टॉप पर बरकरार

एजेंसी | दुबई

आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में लगातार दूसरे हफ्ते भी बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में भारतीय खिलाड़ी टॉप पर बरकरार हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर मौजूद है।

पिछले सप्ताह ही सभी चारों कैटेगरी में भारत का दबदबा बना था। ऐसा पहली बार हुआ कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फॉर्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया। वरुण चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बने हुए हैं। बैटर अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर बरकरार हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान छह स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में वापस आ गए हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप में अपने पिछले दो मैचों में छह विकेट लिए हैं।



#### अभिषेक टॉप पर

बैटर्स में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप स्टेज के मुकाबले में 38 और रविवार को पाकिस्तान के 74 रन की पारी खेली थी। उनके अलावा, तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुच गए हैं।

#### वरुण टॉप बॉलर

बॉलर्स रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन जारी है। फिलहाल उनका रेटिंग पॉइंट 747 हो गया है। वरुण ने पिछले सप्ताह ही नंबर-1 पोजीशन हासिल की थी। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के जैकब डफी हैं।

#### ऑलराउंडर्स में पंड्या

भारतीय स्टार हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद 12 स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। फिलहाल उनकी रेटिंग पॉइंट्स 703 है।

## संपाकीय

# हितों पर चोट

अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से दी गई छूट वापस ले ली है। ट्रंप प्रशासन ईरान पर अधिकतम दबाव बनाना चाहता है, लेकिन इससे भारत को भी बड़ा झटका लगेगा। 50 प्रतिशत टैरिफ के बाद अमेरिका का यह एक और कदम है, जिससे भारतीय हितों को चोट पहुंचेगी। ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही चाबहार को मिली छूट खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिए थे। अब इसे 29 सितंबर से लागू करने का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद अगर कोई कंपनी या संस्था चाबहार के संचालन में शामिल होती है, तो उस पर भी अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। भारत इस पोर्ट पर अरबों रुपये का निवेश कर चुका है और यहां एक टर्मिनल बना रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से उसके लिए यहां काम करना मुश्किल हो सकता है। यह विडंबना है कि डॉनल्ड ट्रंप भारत और पीएम नरेंद्र मोदी को दोस्त बता रहे हैं, लेकिन उनकी नीतियां नई दिल्ली के खिलाफ जा रही हैं। चाबहार मामला बहुत कुछ रूसी तेल जैसा है।

जब यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर अमेरिका दबाव नहीं बना पाया, तो उसने तेल के व्यापार पर दोष डालना शुरू कर दिया। यही कहानी ईरान के साथ है। पिछले दिनों इस्राइल-ईरान टकराव और उसमें अमेरिकी दखल के बावजूद तेहरान झुकने को तैयार नहीं हुआ था, तो अब मैक्सिमम प्रेशर की बात कही जा रही है। भारत के लिए चाबहार बंदरगाह की अहमियत व्यापार से अधिक रणनीतिक है। यह पोर्ट उसे पाकिस्तान को बाईपास कर सीधे अफगानिस्तान, मध्य एशिया तक पहुंच देता है।

साल 2023 में पहली बार उसने इस रूट का इस्तेमाल कर अफगानिस्तान को गेहूं भिजवाया था। चाबहार उस इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत, रूस और ईरान ने मिलकर की थी। सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाए, तो यह कॉरिडोर सीधे यूरोप तक आसान, सस्ता और छोटा रास्ता देता है। चाबहार पर बैन भारत या ईरान नहीं, आगे चलकर अमेरिका पर भी असर डाल सकता है। इस पोर्ट को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है, जो चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआई प्रॉजेक्ट का हिस्सा है। इस क्षेत्र से भारत हटा, तो सीधा फायदा चीन को होगा। वॉशिंगटन की वजह से पेइचिंग को रणनीतिक-व्यापारिक बढ़त मिल जाएगी। यह ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की सबसे बड़ी खामी कही जाएगी कि विरोधियों पर पकड़ बनाने की उसकी हर कोशिश दोस्तों को नुकसान पहुंचाती है।

# रूस की चेतावनी नई वैश्विक कूटनीतिक व्यवस्था का संकेत

**भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। हालांकि भारत इससे इनकार करता रहा है। भारत वैसे भी रूस से तेल खरीदने वाले देशों में निचले पायदान पर है। हां, भारत की रूस से नजदीकी रही है और वह बनी हुई है। विशेषकर रक्षा क्षेत्र में रूस से भारत की नजदीकी दशकों से बनी हुई है। अमेरिका इससे चिढ़ता रहा है। हालांकि पिछले करीब दो दशकों से इसमें कमी आई है। इसकी वजह भारत का विशाल मध्य वर्गीय बाजार रहा है। जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां मोटा मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन ट्रंप काल में आए टैरिफ बम के चलते इसमें गिरावट आ रही है।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि भारत और चीन पर अमेरिका की टैरिफ धमकी बेअसर हो रही है और वाशिंगटन में दोनों प्राचीन सभ्यताओं के साथ ऐसी भाषा के प्रयोग की निरर्थकता को लेकर बहस चल पड़ी है।

भारत और चीन के खिलाफ जारी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ युद्ध के खिलाफ रूस का खुलकर उतरना वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का उदाहरण है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का दोनों देशों के पक्ष में खुलकर उतरना यह साबित करता है कि तीनों ही देश कम से कम आर्थिक विषयों के मामले में साथ आ रहे हैं। रूस का खुलकर भारत और चीन का साथ देना और अमेरिका का विरोध करना, वैश्विक दादागिरी वाली अमेरिकी कूटनीति को सीधी चुनौती कही जा सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन 17 सितंबर के दिन बधाई देकर एक तरह से दोनों देशों के रिश्तों में टैरिफ युद्ध के चलते आई तल्खी को कम करने की कोशिश जरूर की है। लेकिन जमीनी स्तर पर अमेरिकी रूख में कोई बदलाव नहीं आने की वजह से वास्तविक हालात में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। ऐसे मौके पर सर्गेई लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चेतावनी हो सकता है।

भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर पचास प्रतिशत का टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका ने रूस से भारत द्वारा कच्चा तेल खरीदने को कारण बताया है। अमेरिका का कहना है कि भारत ऐसा करके रूस को यूक्रेन युद्ध में फंडिंग कर रहा है। हालांकि भारत इससे इनकार करता रहा है। भारत वैसे भी



रूस से तेल खरीदने वाले देशों में निचले पायदान पर है। हां, भारत की रूस से नजदीकी रही है और वह बनी हुई है। विशेषकर रक्षा क्षेत्र में रूस से भारत की नजदीकी दशकों से बनी हुई है। अमेरिका इससे चिढ़ता रहा है। हालांकि पिछले करीब दो दशकों से इसमें कमी आई है। इसकी वजह भारत का विशाल मध्य वर्गीय बाजार रहा है। जिसके जरिए अमेरिकी कंपनियां मोटा मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन ट्रंप काल में आए टैरिफ बम के चलते इसमें गिरावट आ रही है।

सर्गेई लावरोव ने अमेरिका को एक तरह से चेतावनी दी, अपने ही देश के मुख्य टीवी चैनल 1टीवी के कार्यक्रम 'द ग्रेट गेम' में उन्होंने कहा कि चीन और भारत प्राचीन सभ्यताएं हैं। उनसे इस तरह से बात करना कि या तो आप वह बंद कर दें जो हम नहीं चाहते या हम आप पर टैरिफ थोप देंगे, काम नहीं कर पाया।

सर्गेई ने इस कार्यक्रम में एक तरह चुटकी भी ली। उन्होंने अमेरिका के चीन और भारत से जारी रिश्तों को लेकर कहा कि चीन और भारत से जिस तरह का अमेरिकी संपर्क जारी है, वह दिखाता है कि अमेरिकी पक्ष वैश्विक कूटनीति में आ रहे बदलावों को समझ चुका है।

लावरोव ने अमेरिका के प्रति भारत और चीन की प्रतिक्रिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमेरिकी कदम से दोनों देशों को थोड़ी आर्थिक परेशानी जरूर हुई, क्योंकि दोनों ही देशों यानी चीन और भारत को नए बाजारों और ऊर्जा आपूर्ति के नए स्रोतों की तलाश करने और ज्यादा कीमत चुकाने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण ये है कि इस अमेरिकी रवैये का नैतिक और राजनीतिक विरोध भी हो रहा है।

लावरोव का यह कहना भी कि रूस पर नए प्रतिबंधों से कोई खतरा नहीं है, बहुत मानीखेज है। इसका मतलब यह है कि रूस कम से कम इस वक्त अमेरिकी दबवा में नहीं आने जा रहा। रूस पर वैसे ही बाइडन प्रशासन के जमाने से कई तरह की पाबंदियां लगी हुई हैं, फिर भी रूस की सेहत और कूटनीति पर विशेष असर नहीं पड़ा है।

ध्यान देने की बात यह है कि रूस, चीन और भारत की कुल जनसंख्या करीब तीन अरब है। जो वैश्विक जनसंख्या का करीब चालीस फीसद है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीनों देशों की अर्थव्यवस्था की सामूहिक भागीदारी करीब 32 प्रतिशत है। जाहिर है कि दुनिया में इनकी हिस्सेदारी अहम है। ऐसे में लावरोव का बयान एक तरह से अमेरिका को चुनौती ही है कि टैरिफ युद्ध खत्म हो या न हो, तीनों देश कम से कम अपनी आर्थिक चुनौतियों के सामने झुकने नहीं जा रहे। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## लोक गायिका देवी ने 'सिंगल मदर' बनकर एक क्रांतिकारी कदम उठाया

**(अंकुरी मिश्र)**

लोक गायिका देवी ने 'सिंगल मदर' बनकर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। अपने इस फैसले का एलान करते हुए उन्होंने कहा कि वह विवाह में विश्वास नहीं करतीं और मातृत्व का अनुभव करना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने आधुनिक चिकित्सा पद्धति का सहारा लिया और बच्चे को जन्म दिया। उनका इस तरह मां बनना समाज के लिए एक




**देवी ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की तस्वीर भी साझा की, जिसके बाद उन्हें ढेर सारी बधाइयां मिलने लगी हैं। उनके इस कदम को लोग भरपूर सराह रहे हैं। इससे सिर्फ यही पता नहीं चलता कि वह कितनी साहसी हैं, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उनके व्यक्तिगत अधिकारों की वह कितनी बड़ी हिमायती हैं, इसका एहसास भी होता है।**

मिसाल है, क्योंकि इससे उस पारंपरिक सोच को चुनौती मिलती है, जिसमें बच्चे के जन्म में पिता के योगदान को रेखांकित किया जाता है। देवी ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे की तस्वीर भी साझा की, जिसके बाद उन्हें ढेर सारी बधाइयां मिलने लगी हैं। उनके इस कदम को लोग भरपूर सराह रहे हैं। इससे सिर्फ यही पता नहीं चलता कि वह कितनी साहसी हैं, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उनके व्यक्तिगत अधिकारों की वह कितनी बड़ी हिमायती हैं, इसका एहसास भी होता है। आज जब महिलाएं सामाजिक बंधनों को पूरी तरह तोड़ पाने में सफल नहीं हो सकी हैं और शादी उनके जीवन का अनिवार्य हिस्सा बना दिया गया हो, तब सार्वजनिक दुनिया में रहने वाली इस लोक गायिका ने अकेले मातृत्व सुख पाने का न सिर्फ फैसला किया, बल्कि डंके की चोट पर इसका एलान भी किया। देवी का यह कदम महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह बदल रही सामाजिक परंपरा का संकेत है।

### साँची विवि में 'मोदी युग' और 'अमृतकाल में भारत' पर विशेष चर्चा

# देश को स्थाई विकास की ओर ले जा रहे हैं मोदी: प्रो.संजय द्विवेदी





## प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर केंद्रित किताबों पर चर्चा पत्रकार और शिक्षाविद् प्रो. संजय द्विवेदी से हुआ संवाद

**भोपाल।** साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, सांची में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर केंद्रित दो किताबों 'मोदी युग-संसदीय लोकतंत्र का नया अध्याय' और 'अमृतकाल में भारत' पर पुस्तक के लेखक प्रो. संजय द्विवेदी से विशेष परिचर्चा हुई। सेवा पर्व -2025 के अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. नवीन कुमार मेहता ने लेखक से संवाद किया।

भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक रहे प्रो. संजय द्विवेदी ने सवालों के जवाब में बताया कि उन्होंने 2014 के पहले ही एक लेख में कह दिया था कि देश के अगले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी होंगे। उन्होंने कहा कि अन्ना हज़ारे के आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, लोगों के अंदर उम्मीदों को जगाने वाले नेता बन गए, जिन्होंने सोशल इंजीनियरिंग को देश में धरातल पर उतारा है। श्री नरेंद्र मोदी ने भारत की छवि का निर्माण किया है और वो भारत के लोगों को स्थायी विकास की ओर लेकर गए हैं। प्रो. द्विवेदी से जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विषय में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि संघ को समझने के लिए दिमाग़ से ज़्यादा दिल की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि संघ का कोई विचार नहीं है, भारतीयता और हिंदुत्व का विचार ही संघ का विचार है। संघ विशुद्ध रूप से आचरण पर चलता है। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि उपभोक्तावाद और आकांक्षावाद के कारण समाज दुखी हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी जी का दर्शन था कि कम वस्तुएं उपयोग करो तो सुखी रहोगे। छात्रों से उन्होंने कहा कि वो सुधीर चंद्रा की लिखी किताब 'गांधी एक असंभव संभावना' ज़रूर पढ़ें जो कि गांधी जी की प्रार्थना सभाओं में उनके विचारों का विश्लेषण है। प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि हर पत्रकार की एक 'पोलिटिकल लाइन' होनी चाहिए लेकिन 'पार्टी लाइन' नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विचारधारा हर एक व्यक्ति की होनी चाहिए और इसमें कोई समस्या नहीं है। आज विचारधारा का नहीं होना संकट है। जब उनसे पूछा गया कि लोग आजकल कम पढ़-लिख रहे हैं तो उन्होंने कहा कि आज का दौर आवाज़, वीडियो और स्थानीय भाषाओं का है क्योंकि मोबाइल पर लोग कम समय में जानकारी जानना पसंद करते हैं। लेकिन किताबें भी भारत में बहुत पढ़ी और बेची जा रही हैं। भले ही मोबाइल कितना भी भटकाव क्यों न पैदा करे। उन्होंने कहा कि लोगों को मीडिया साक्षरता देना आवश्यक हो गया है।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने लेखक को उनकी किताबों के सृजन के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने संस्कृत, पालि के ग्रंथों में भगवान बुद्ध के वर्णन पर भी प्रकाश डाला। इंटरव्यू के माध्यम से ही डीन प्रो. मेहता ने प्रो. संजय द्विवेदी का परिचय भी कराया। छात्रों-अधिकारियों ने भी उनसे सवाल पूछे। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव श्री विवेक पाण्डेय ने किया। उन्होंने सेवा पर्व के आयोजन के लिए मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी व अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। सेवा पर्व के उपलक्ष में ही विश्वविद्यालय द्वारा 29 सितंबर को दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक एक राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। अलग-अलग आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7000, 5000 और 3000 रखे गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम साय ने डोंगरगढ़ दर्शन के लिए बसों को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर ( निप्र )।** सीएम साय ने डोंगरगढ़ दर्शन के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शारदीय नवरात्रि का आज दूसरा दिन है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग देवी मंदिरों में आज मां ब्रह्मचारिणी के स्वरुप में माता रानी की पूजा की गई। रायपुर की मां महामाया को पीले रंग की साड़ी पहनाई गई है। बस्तर की मां दंतेश्वरी का आज लाल फूलों से श्रृंगार हुआ है। इस बीच, डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने खास तैयारियां की हैं। कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक एक विशेष कॉरिडोर बनाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को पैदल और वाहन से दर्शन के लिए जाने में सुविधा हो सके। इस मार्ग पर 4 पेट्रोलिंग वाहन चौबीसों घंटे तैनात रहेंगे। ये वाहन न केवल निगरानी करेंगे, बल्कि पीए सिस्टम के जरिए लगातार यह निर्देश देंगे कि पदयात्री सड़क के बाईं ओर चलें। भीड़ नियंत्रण के लिए डोंगरगढ़ में इस बार जिगजैग व्यवस्था की गई है, ताकि भगदड़ जैसी किसी भी स्थिति से बचा जा सके।

### आंगनवाड़ी, शिक्षा, संस्कार और सद्व्यवहार सिखाने का महत्वपूर्ण केंद्र : कलेक्टर

**कोरिया ( निप्र )।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने आज छरछा पंडोपारा आंगनवाड़ी केंद्र और शिवपुरचरचा आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों को दिए जाने वाले भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केंद्र समय पर खुलें और बच्चों को मेनू चार्ट के अनुसार पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भोजन से पहले बच्चों को हाथ धोने की आदत डालने और नैतिक शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य केंद्र में सफाई और दवाओं की व्यवस्था पर दी हिदायत : कलेक्टर ने आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र में वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा रखने, दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और शौचालयों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टर और स्टाफ से कहा कि मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील और आत्मीय व्यवहार किया जाए। **बच्चों और परिवारों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था :-** कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी केवल भोजन देने का स्थान नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और सद्व्यवहार सिखाने का महत्वपूर्ण केंद्र है।

### डीईओ ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण, छात्र-छात्राओं को दी मूल्यवान परीक्षा की सलाह

**एमसीबी ( निप्र )।** जिले के जिला शिक्षा अधिकारी आर. पी. मिरे ने शासकीय स्कूल पिपरिया का निरीक्षण किया और विद्यालय में हो रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों के संबंध में छात्र-छात्राओं के साथ विस्तृत चर्चा की और उन्हें परीक्षा की तैयारी में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने राष्ट्रीय प्रवीणता सह छात्रवृत्ति परीक्षा, एकलव्य विद्यालय परीक्षा छात्रवृत्ति, और दसवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध में छात्रों को जानकारी दी तथा मेरिट में आने वाले छात्रों को पुरस्कृत करने की बात कही। इसके पश्चात उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया, विद्यालय में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया और स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के साथ सत्येंद्र सिंह, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, और मनीष तिवारी, व्याख्याता उपस्थित रहे। विद्यालय में डॉ. विनोद पांडेय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक कदम कुंवर, अबुल कमर, जरीना परवीन, उषा किरण, राजेश चौधरी, कल्पना वर्मा, मेरी क्लारा बेग सहित समस्त स्टाफ ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस निरीक्षण के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रों और शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, स्वच्छता और छात्रवृत्ति परीक्षाओं की तैयारी को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

### अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई, एक चैन माउंटेन वाहन जप्त

**महासमुंद ( निप्र )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम केडियाडीह तहसील के महानदी क्षेत्र में अवैध रूप से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक चैन माउंटेन जप्त किया गया। वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मनरेगा और आवास योजनाओं की समीक्षा, समयबद्ध कार्य पूर्ण करने पर जोर

**सुकमा ( निप्र )।** जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री मुकुन्द ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, बिहान, स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में 20 अक्टूबर तक शासन से प्राप्त लक्ष्य के अंतर्गत लंबित 3867 आवासों को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। मनरेगा अंतर्गत 90 दिवस की मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना एवं विशेष परियोजनाओं के तहत स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूरा कराने पर बल दिया गया। आवास प्लस सर्वे की पूर्णता प्रमाण पत्र भेजने और जिन ग्राम पंचायतों में सर्वे नहीं हुआ है, उनकी जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। मनरेगा योजना के तहत कृषि सम्बन्धी कार्यों की स्वीकृति किये जाने के निर्देश दिया गया जिसमे पशु शेड, मुर्गी शेड, सुवर पालन, बकरी शेड आदि कार्यों को लिया जावे। जिले के नगद भुगतान वाले ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत बैंक खाता खोलने निर्देशित किया गया है ताकि हितग्राहियों को सीधे बैंक खाता के माध्यम से भुगतान किया जा सके। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री शबाब खान, श्री रविशंकर वर्मा, सर्व सीईओ, एपीओ, एसडीओ, पीओ, बीपीएम, उप अभियंता, तकनीकी सहायक सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राशन समय पर पहुंचे और भंडारित हो : संदीप शर्मा




**महासमुंद (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा ने आज जिले में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आदिम जाति कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि हितग्राहियों तक समय पर खाद्यान्न एवं पोषण आहार पहुँचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा हितग्राहियों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुँचाने की है। इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और सुनिश्चित करें कि जिले में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए तथा अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जमीनी हकीकत की जानकारी लें। उन्होंने सभी पीडीएस दुकानों में गठित निगरानी समिति को अधिक जवाबदेही बनाने और नियमित निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के समय हितग्राहियों से भी चर्चा कर फीडबैक लें। शर्मा ने कहा कि सरकार फोर्टिफाइड चावल के माध्यम से कुपोषण के स्तर को कम करना चाहती है। अतः सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में नियमित रूप से फोर्टिफाइड चावल दिया जाए। साथ ही कहा कि अधिकारी निरीक्षण के दौरान निरीक्षण टीप अवश्य लिखें। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि राशन के समय पर पहुंच तथा भंडारण की स्थिति का अधिकारी स्वयं जायजा लें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के शिकायत के लिए दीवार लेखन करें और शासन के टोल फ्री नम्बर को जारी करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निराकरण त्वरित एवं प्रभावी तरीके से किया जाए ताकि आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शासन की पोषण, खाद्य सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में समान रूप से लागू हों और कोई भी पात्र परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्यक्ष श्री शर्मा ने रिपोर्ट का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। बैठक में खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री टिकवेन्द्र जटवार, शिक्षा अधिकारी श्री सतीश नायर एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## जशपुर का नव संकल्प शिक्षण संस्थान : मुख्यमंत्री की पहल से बदल रहा युवाओं का जीवन



**जशपुरनगर (निप्र)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी पहल से जिले में नव संकल्प शिक्षण संस्थान डीएमएफ मद से संचालित हो रहा है। यह संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा प्रदान कर उनके भविष्य को संवार रहा है। यह पहल युवाओं के लिए उम्मीद और आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। इसी संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर सीजी पीएससी बैच की छात्रा कुमारी खिरोमणी बाई का चयन प्रयोगशाला परिचारक पद पर हुआ है। वहीं, इसी प्रकार कांसाबेल विकासखंड की ग्राम सारूकछार की समिता चक्रेश ने व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में प्रदेशभर में महिला वर्ग में प्रथम स्थान और समग्र सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने 100 में से 88 अंक अर्जित किए। समिता ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, लगातार अभ्यास और नव संकल्प के मार्गदर्शन को दिया। समिता चक्रेश बताती है कि ÷लगातार अभ्यास और नव संकल्प के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया। वहीं कुमारी खिरोमणी बाई ने कहा दृ ÷नव संकल्प ने मुझे सही माहौल और बेहतर मार्गदर्शन दिया। यहाँ मिली सुविधाओं और प्रोत्साहन से ही मैं प्रतियोगी परीक्षा में सफल हो पाई।÷ मुख्यमंत्री की पहल और जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों का परिणाम है कि आज नव संकल्प के छात्र प्रदेश स्तर पर सफलता की नई मिसाल कायम कर रहे हैं।

# जिला चिकित्सालय को मिली एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की सौगात

**कौशल्या साय ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**उत्तर बस्तर कांकेर (निप्र)।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत आज कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय को आधुनिकीकृत एम्बुलेंस की सुविधा प्रदाय की गई। एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट टेक्नालॉजी से सुसज्जित उक्त एम्बुलेंस को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस अवसर पर कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम भी उपस्थित थे।

शहर के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती कौशल्या ने जिले में उक्त आधुनिक एम्बुलेंस की सुविधा के उपलब्ध होने पर उन्होंने जिलावासियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट' टेक्नालॉजी से युक्त एम्बुलेंस मिलने से आपातकालीन चिकित्सा सेवा में निश्चित तौर पर विस्तार होगा तथा इससे अनेक लोगों की जानें बचाई जा सकेंगी। श्रीमती साय ने आगे कहा कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में विस्तार एवं वृद्धि की महती आवश्यकता है, इसे दृष्टिगत रखते हुए यह एम्बुलेंस मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं नशे के कारण तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की वजह से होती हैं। यदि व्यक्ति को अपने परिवार, समाज तथा देश के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास हो तो अनेक हादसों को टाला जा सकता है। इसके पहले, कांकेर विधायक श्री नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आदिवासियों के सच्चे हितचिंतक हैं। उन्होंने बताया कि गत सप्ताह मुख्यमंत्री श्री साय ने नरहरपुर प्रवास के दौरान जिले को 75 करोड़ से अधिक की सौगातें दी। सेवा पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय को आधुनिक तकनीकी युक्त एम्बुलेंस मिलना गर्व का विषय है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक अनेक स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कांकेर जिले में चिकित्सीय सुविधाओं को आगे बढ़ाते हुए डीएमएफ मद से लगभग 44 लाख रूपए की एएलएस एम्बुलेंस प्रदाय की गई। जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा नर्सिंग कॉलेज की भी स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है, जिसके लिए मेडिकल कॉलेज के समीप ही भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरतलाल मटियारा, नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कुमार कौशिक, पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले, नागरिक श्री महेश जैन के अलावा एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा, सीएमएचओ डॉ. आर.सी. ठाकुर सहित वरिष्ठ नागरिकगण और चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर के विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित थे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान : जिले के 35 गांवों में विद्युत अधोसंरचना निर्माण कार्य प्रारंभ

**लगभग 1050 विद्युत पोल किए जा चुके है स्थापित**



**जशपुरनगर (निप्र)।** जनजातीय अंचलों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जशपुर जिले में कार्य प्रारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत विद्युत विभाग ने जिले के विभिन्न गांवों में विद्युत आपूर्ति की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने हेतु अधोसंरचना निर्माण का कार्य तेज कर दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस योजना की शुरुआत का मुख्य उद्देश्य यही है कि कोई भी क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। दूरस्थ जनजातीय क्षेत्र के लोगों को भी मूलभूत सुविधाएं मिले, वहां पर तेजी से विकास हो और विकसित भारत बनाने का जो विजन उन्होंने देखा है वह साकार हो सके। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विद्युत विभाग को अभी 6.65 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विभाग द्वारा प्रारंभिक चरण में दुलदुला, पत्थलगांव और बगीचा विकासखंडों के 35 ग्रामों में अधोसंरचना निर्माण शुरू किया गया है। इन ग्रामों में अब तक लगभग 1050 बिजली के खंभे स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि अन्य ग्रामों में सर्वे का कार्य प्रगति पर है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 02 अक्टूबर 2024 को किया था। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय गांवों तथा आकांक्षी जिलों में निवासरत जनजातीय परिवारों का सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करना है, ताकि जनजातीय परिवारों का त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सके और सामुदायिक अधोसंरचना में सुधार के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर में उन्नयन व प्रत्येक परिवारों को सभी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अभियान में 17 मंत्रालयों द्वारा क्रियान्वित किए जाने वाले 25 हस्तक्षेप शामिल है।

## सुकमा में एनडीएमए टीम का दौरा, बाढ़ प्रबंधन व राहत कार्यों की सराहना



**सुकमा (निप्र)।** जिले में हाल ही में आई बाढ़ आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति का जायजा लेने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के संयुक्त सचिव श्री एस. राकेश कुमार गृह मंत्रालय, नई दिल्ली अपनी टीम के साथ सोमवार को सुकमा पहुँचे। टीम ने कुन्ना-मिचवार और झापरा पुलिस कैम्प सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और जिला प्रशासन, पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा किए जा रहे त्वरित प्रबंधन और बेहतर इंतज़ामों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों तक समय पर राहत सामग्री पहुँचे। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएँ, अस्थायी आवास और खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया। टीम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ जानीं और प्रशासनिक स्तर पर उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान : जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किए गए स्वच्छता शपथ कार्यक्रम



**जशपुरनगर ( निप्र ) ।** ''स्वच्छता ही सेवा 2025'' अभियान अंतर्गत आज विगत दिवस 21 सितम्बर 2025 को जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिसमें जिले के ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं अन्य शासकीय भवनों में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणजनों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, गली, मोहल्ले एवं गांव को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन करने और आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। जिले में चल रहे ''स्वच्छता ही सेवा 2025'' अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह शपथ कार्यक्रम लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## संदीप शर्मा का महासमुंद दौरा, योजनाओं की जमीनी हकीकत देखी, अधिकारियों को दिए निर्देश



**महासमुंद (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री संदीप शर्मा सोमवार को जिले के दौरे पर पहुंचे। यहां पहुंचकर श्री शर्मा ने सबसे पहले गुड़रूपारा स्थित छात्रावास का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने बेमचा में राशन दुकान,स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।

यहाँ उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, टीकाकरण एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई की स्थिति जानी। उन्होंने छात्रावास में बच्चों के लिए बनाए गए भोजन का स्वाद भी चखा और सराहा। उन्होंनें कहा कि बच्चों को भोजन और शिक्षा के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी बातें नियमित बताएं। अपने लक्ष्य के प्रति भी उन्हें सजग करें। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण में बच्चों से संवाद किया तथा कार्यकर्ताओं को बच्चों की नियमित उपस्थिति व गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल-खेल में शिक्षा और सामान्य ज्ञान पर भी जोर दिया। इसके बाद उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया। वहाँ राशन वितरण व्यवस्था, मशीनीकृत प्रणाली, उपभोक्ता पंजी और स्टॉक रजिस्टर की जाँच की। हितग्राहियों से चर्चा कर राशन की उपलब्धता एवं पारदर्शिता की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं पूर्व पार्षद महेन्द्र जैन मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में टिकटॉक के एल्गोरिदम को नियंत्रित करेगी ओरेकल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में चीनी प्लेटफॉर्म टिकटॉक को लेकर बड़ा सौदा हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि तकनीकी क्षेत्र के दिग्गज कंपनी ओरेकल अमेरिकी उपयोगकर्ताओं के लिए टिकटॉक के एल्गोरिदम को नियंत्रित करेगी। अमेरिका में टिकटॉक के भविष्य को लेकर बातचीत में चीनी कपनी बाइटडांस के स्वामित्व वाले एल्गोरिदम पर नियंत्रण मुख्य मुद्दों में से एक था।

व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि अगर एल्गोरिदम चीनी है तो यह अनुपालन के अनुरूप नहीं होगा। बाइटडांस के साथ कोई साझा एल्गोरिदम नहीं हो सकता। ओरेकल को एल्गोरिथम की एक प्रति प्राप्त होगी और वह एप के सुरक्षा संचालन की देखरेख करेगा। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप इस हफ्ते के अंत में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसमें अनिवार्य रूप से यह घोषणा की जाएगी कि इस समझौते की शर्तें अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों को पूरा करती हैं। इसके बाद ट्रंप जरूरी समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए 120 दिन की मोहलत जारी करेंगे।

### श्रीलंका में नौसेना प्रमुख ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने 22 सितम्बर को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में इंडियन पीस कीपिंग फोर्स (आईपीकेएफ) मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह समारोह उन सैनिकों के साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने के लिए आयोजित किया गया, जिन्होंने श्रीलंका में शांति बनाए रखने के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। इस दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने श्रीलंका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा मंत्री के साथ मुलाकात की। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने, नौसैनिक साझेदारी मजबूत करने और संयुक्त प्रशिक्षण को लेकर चर्चा हुई। यह दौरा भारत और श्रीलंका के बीच दोस्ती, समुद्री सुरक्षा और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

### नासा ने चुने अपने नए अंतरिक्ष यात्री, पहली बार महिलाओं की संख्या ज्यादा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नासा ने सोमवार को अपने नए अंतरिक्ष यात्रियों की घोषणा की। इस बार 8,000 से ज्यादा आवेदकों में से 10 वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और टेस्ट पायलटों को चुना गया है, जो भविष्य में चंद्रमा और संभवतः मंगल ग्रह की खोज में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस बार की अंतरिक्ष यात्री टीम में पहली बार पुरुषों से ज्यादा महिलाएं शामिल की गई हैं। इनमें एक भूवैज्ञानिक हैं जिन्होंने नासा के क्यूरियोसिटी मार्स रोवर मिशन पर काम किया, एक स्पेसएक्स इंजीनियर हैं जो पहले निजी स्पेसवॉक मिशन में गई थीं, और एक पूर्व स्पेसएक्स लॉन्च डायरेक्टर भी शामिल हैं।

**2 साल की ट्रेनिंग के बाद उड़ान की तैयारी:** इन सभी को अब दो साल की कठोर ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद ही वे अंतरिक्ष उड़ानों के लिए पात्र बनेंगे। नासा के कार्यवाहक प्रशासक शॉन डफी ने कहा कि इनमें से कोई एक व्यक्ति भविष्य में मंगल ग्रह पर कदम रखने वाला पहला इंसान हो सकता है। यह नासा का 24वां अंतरिक्ष यात्री बैच है, जिसकी शुरुआत 1959 में मर्करी सेवन टीम से हुई थी। पिछला बैच 2021 में चुना गया था।

# भारत हमारे लिए बहुत जरूरी, जयशंकर से मुलाकात के बाद बोले अमेरिका विदेश मंत्री मार्को रुबियो



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के मौके पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच अहम मुलाकात हुई।

दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस चर्चा में व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स और खनिज जैसे क्षेत्र शामिल रहे। इस मुलाकात को हाल के व्यापारिक तनावों के बाद द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, ह्व्र में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। हमने व्यापार, ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, ताकि दोनों देशों के लिए समृद्धि बढ़ाई जा सके।

अमेरिका विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में मार्को रूबियो ने कहा है कि भारत अमेरिका के लिए बेहद जरूरी है।

### रणनीतिक साझेदारी पर जोर

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक आधिकारिक बयान में भारत को अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों देश व्यापार, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बयान में कहा गया, विदेश मंत्री रुबियो ने भारत सरकार के साथ निरंतर सहयोग की सराहना की और दोनों देश एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए क्वाड जैसे मंचों के माध्यम से मिलकर काम करेंगे। जयशंकर ने भी ङ्ग पर इस मुलाकात को रचनात्मक बताते हुए कहा, न्यूयॉर्क में मार्को रुबियो से मुलाकात अच्छी रही। हमने द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति के लिए निरंतर संपर्क की अहमियत पर सहमति जताई।

### हाल के तनावों के बाद नई शुरुआत

यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भारत के रूसी तेल खरीदने के जवाब में भारतीय वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाए थे, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ा था। यह पहली बार था जब दोनों नेता ऐसी तनावपूर्ण स्थिति के बाद आमने-सामने मिले। इससे पहले जुलाई में वॉशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान उनकी मुलाकात हुई थी।

दोनों देशों के बीच यह मुलाकात भारत-अमेरिका संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है। ह्व्र का 80वां सत्र 9 सितंबर, 2025 को शुरू हुआ और हाई-लेवल जनरल डिबेट 23 सितंबर से शुरू हुई, जिसके मौके पर यह मुलाकात हुई।

## शादीशुदा कर्मचारी पर आया कंपनी की मालकिन का दिल, तलाक के लिए दिए करोड़ों रुपये; कोर्ट पहुंचा मामला



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक कंपनी की मालकिन ने अपने कर्मचारी को 3 मिलियन युआन (3 करोड़ 72 लाख रुपये) तोहफे में दे दिए। इस बिजनेसवुमन का नाम शू है। शू ने अपने कर्मचारी को इतने पैसे दिए, जिससे वो अपनी पत्नी को तलाक देकर शू के साथ एक नई जिंदगी की शुरुआत कर सके।

यह मामला चीन के चूंगचींग का है। ही नामक कर्मचारी कुछ समय पहले शू की कंपनी का हिस्सा बना था। इस दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। हालांकि, ही पहले से शादीशुदा था। उसने अपनी पत्नी को तलाक देने का फैसला किया।

तलाक के बदले ही को अपनी पत्नी और बच्चे को 3 मिलियन युआन देने थे। ही के पास इतने पैसे नहीं थे। ऐसे में शू ने उसकी मदद की और उसे फौरन 3 मिलियन युआन दे दिए, जिससे ही के तलाक में कोई अड़चन न आए और वो हमेशा एक-साथ रह सकें।

### वापस मांगी रकम

मगर, इस मामले में ट्विस्ट तब आया जब 1 साल तक साथ रहने के बाद शू को लगा कि ही उसके लिए परफेक्ट लाइफ पार्टनर नहीं है। ऐसे में शू अपने पैसे वापस मांगने लगी। पहले ट्रायल के दौरान कोर्ट ने ही को पैसे लौटाने का आदेश दिया, लेकिन दूसरे ट्रायल में इस फैसले को पलट दिया गया।

### कोर्ट ने सुनाया फैसला

ही और उसकी पूर्व पत्नी ने अदालत में अलग-अलग याचिका दायर की थी। शू अदालत के सामने सबूत पेश करने में विफल रही कि उसने ही को पैसे दिए हैं। अदालत ने ही के हक में फैसला सुनाया। अब यह मामला चीनी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कर्मचारी से अफेयर चलाने और उसका तलाक करवाने के लिए कई यूजर्स शू की आलोचना कर रहे हैं।

## जिमी किमेल फिर करेंगे वापसी, चार्ली कर्क पर टिप्पणी के बाद रद हुआ था शो




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के करीबी रहे चार्ली कर्क की मौत से पूरे देश में सनसनी फैल गई थी। इस हत्याकांड के बाद मशहूर अमेरिकन कॉमेडियन जिमी किमेल के लेट नाइट टॉक शो पर भी पिछले हफ्ते रोक लगा दी गई थी। वहीं, अब इस शो को फिर से ऑन एयर कर दिया गया है। डिज्नी ने आज यानी मंगलवार से इस शो को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। जिमी किमेल ने अपने शो में चार्ली कर्क की हत्या पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। ऐसे में अमेरिकी सरकार के दबाव के बाद डिज्नी की कंपनी एबीसी ने जिमी किमेल के शो को रद कर दिया था।

डिज्नी के अनुसार, देश में उठ रहे सेंटीमेंट्स को देखते हुए पिछले बुधवार को हमने एक शो को रद करने का फैसला लिया था, जिससे परिस्थितियां और न बिगड़ें। डिज्नी ने कहा- बीते दिन हमारी जिमी से लंबी बातचीत हुई और इसके बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि शो मंगलवार से फिर वापसी करेगा।

### क्यों रद हुआ था शो?

बता दें कि जिमी किमेल ने अपने शो में चार्ली कर्क की हत्या को राजनीतिक कारणों से प्रेरित बताते हुए इसके पीछे एमएजीए गैंग के होने की आशंका जताई थी। एमएजीए समर्थकों ने जिमी के इस बयान की आलोचना की, जिसपर विवाद शुरू हो गया था।

### ट्रंप ने जताई थी खुशी

एबीसी ने जिमी किमेल का शो रद कर दिया था। एबीसी के इस फैसले की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने भी सराहना की थी। उनका कहना था कि जिमी का शो रद होने अमेरिका के लिए शानदार खबर है।

## मालदीव के निकट मालवाहक जहाज से गिरा भारतीय नागरिक लापता

**माले, एजेंसी।** मालदीव के निकट एक मालवाहक जहाज से एक भारतीय नागरिक गिर गया और उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई। समाचार पोर्टल 'सन.एमवी की रिपोर्ट के अनुसार यह घटना सोमवार को हुई। भारतीय ध्वज वाले पोत एमएसवी दौला का चालक दल का सदस्य विलिमाले से लगभग एक किलोमीटर उत्तर में समुद्र में गिर गया। मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी रात करीब 11:35 बजे मिली और माले क्षेत्र कमान के अंतर्गत तटरक्षक बल के दूसरे स्क्वाड्रन ने तुरंत खोज अभियान शुरू कर दिया। एमएनडीएफ के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह सात बजकर 22 मिनट तक, यानी गिरने के लगभग आठ घंटे बाद तक समुद्री और हवाई दोनों ही अभियान लापता व्यक्ति का पता लगाने में विफल रहे थे। तलाशी अभियान जारी है।



*एक यात्री की गलती पड़ी भारी*

## लंदन में एयर इंडिया की फ्लाइट गेट से ही लौटी, मच गई हाहाकार

**लंदन, एजेंसी।** लंदन से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 162 रविवार को हीथ्रो एयरपोर्ट पर टैक्सी करते समय वापस गेट पर लौट गई जिससे यात्रियों में हाहाकार मच गई। यह असामान्य घटना तब हुई जब एक यात्री, जिसे बोर्डिंग पास मिल चुका था, विमान में चढ़ने में असफल रहा। सूत्रों के अनुसार, फ्लाइट एआई 162 पहले से ही लगभग 45 मिनट देरी से थी। जैसे ही विमान टैक्सी करके रनवे की ओर बढ़ा, क्रू ने देखा कि एक यात्री ने बोर्डिंग पास स्कैन करवा लिया था, लेकिन वह विमान में मौजूद नहीं था।



एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया, फ्लाइट एआई 162, जो लंदन (हीथ्रो) से दिल्ली के लिए 21 सितंबर 2025 को उड़ान भर रही थी, ने गेट पर लौटने का निर्णय लिया क्योंकि एक यात्री, जिसकी बोर्डिंग पास स्कैन की गई थी और उसे बोर्ड किया गया दिखाया गया था, वास्तव में विमान में नहीं चढ़ा। यात्री गलती से डिपार्चर गेट की बजाय अराइवल एरिया में चला गया था। सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, विमान को यात्री का बैगेज उतारने के लिए वापस गेट पर लौटाया गया।

इसके बाद विमान लेट होकर दिल्ली के लिए रवाना हुआ। एयर इंडिया ने कहा कि फ्लाइट क्रू ने सभी आवश्यक सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया और यह निर्णय सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिए लिया गया। यात्री को एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारियों ने पूछताछ के लिए रोका। एयर इंडिया ने इस असुविधा और फ्लाइट की देरी के लिए खेद जताया। इस घटना के कारण विमान की प्रस्थान में देरी हुई। फ्लाइट में कुल कितने यात्री मौजूद थे, इसकी जानकारी तुरंत उपलब्ध नहीं हो सकी। एयर इंडिया ने स्पष्ट किया कि यह कदम सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लिया गया था और किसी अन्य यात्री को कोई खतरा नहीं था।

## नेपाल जैसे आंदोलन का डर, ऑनलाइन सामग्री पर नकेल

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने पड़ोसी देश नेपाल में भ्रष्टाचार, वंशवाद को लेकर जेन-जी के हिंसक आंदोलन के बाद तख्तापलट को देखते हुए ऑनलाइन सामग्री पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। चीनी सरकार को युवाओं के विद्रोह का डर सता रहा। चीनी इंटरनेट नियामक ने सोमवार को हिंसक या शत्रुतापूर्ण भावनाओं को बढ़ावा देने वाली किसी भी ऑनलाइन सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए दो माह के राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की। धीमी होती अर्थव्यवस्था पर निराशावादी बयानों पर कार्रवाई होगी। अभियान हाल में शॉर्ट-वीडियो एप कुआइशौ, माइक्रोब्लॉगिंग साइट वीबो और इंस्टाग्राम जैसी साइट शियाओहोंगशु समेत प्रमुख प्लेटफॉर्म के खिलाफ सामग्री उल्लंघनों पर हुई कार्रवाइयों के बाद शुरू हुआ है।

**टीवी अभिनेता की मौत से जुड़ी गलत जानकारी का दे रहे हवाला:** यह घोषणा बीजिंग पुलिस के उस बयान के बाद आई है कि उन्होंने टीवी अभिनेता 37 वर्षीय मेंगलोंग की मौत की अफवाह फैलाने के आरोपी तीन लोगों के खिलाफ अनिवार्य कार्रवाई की है। पुलिस ने कहा, यू की शराब पीने के बाद मौत हुई, लेकिन इन्होंने ध्यान आकर्षित करने को जानकारी गढ़ी और फर्जी वीडियो बनाए, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था बाधित हुई।

## इटली में पीएम मेलोनी के खिलाफ सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी


### फिलिस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज



**रोम, एजेंसी।** इटली में प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के विरोध में सोमवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी मेलोनी के फिलिस्तीन को मान्यता नही देने के फैसले से नाराज हैं। देश के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतरे, हड़तालें कीं और पुलिस से भिड़ गए। रोम में करीब 20,000 लोग टर्मिनी स्टेशन के सामने इकट्ठा हुए और फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए। मिलान में 50 हजार लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। बोलोग्ना, ट्यूरिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में 60 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए। कुछ जगहों पर बस और मेट्रो सेवा बाधित हुई।

## प्रेगनेंट महिलाएं पेन किलर दवा का ना करें इस्तेमाल

### डोनल्ड ट्रंप के दावे पर एक्सपर्ट हैरान



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने सोमवार को गर्भवती महिलाओं को टायलनॉल (एसिटामिनोफेन) के इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

उन्होंने बिना पुख्ता सबूतों के इसे ऑटिज्म के साथ जोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने नवजात शिशुओं को दी जाने वाली हेपेटाइटिस बी वैक्सीन में बड़े बदलाव की वकालत भी की। हालांकि इस वकालत को लेकर हेल्थ एक्सपर्ट ने चेतावनी दी है। ट्रंप प्रशासन की इन स्वास्थ्य नीतियों ने चिकित्सा और विज्ञान जगत में व्यापक चिंता पैदा कर दी है।

ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गर्भावस्था के दौरान टायलनॉल का उपयोग अच्छा नहीं है और इसे केवल अत्यधिक बुखार जैसी चिकित्सकीय जरूरतों तक सीमित करना चाहिए। दूसरी ओर, उन्होंने नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन देने की जरूरत पर सवाल उठाए, बिना सबूतों के दावा किया कि इसे 12 साल की उम्र तक टाला जा सकता है।

**क्या है ट्रंप के विवादस्पद दावे?:** अमेरिकन कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिशियन्स एंड गायनेकोलॉजिस्ट्स जैसे प्रमुख चिकित्सा समूहों ने टायलनॉल को गर्भावस्था में दर्द और बुखार के लिए सबसे सुरक्षित विकल्प बताया है। हालांकि, ट्रंप के स्वास्थ्य सलाहकार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने ऑटिज्म के कारणों की खोज को अपनी प्राथमिकता बनाया है। कैनेडी ने दशकों तक वैक्सीन को ऑटिज्म से जोड़ने के खारिज किए गए दावों को बढ़ावा दिया है।

हाल ही में प्रकाशित एक साहित्य समीक्षा में टायलनॉल और ऑटिज्म के बीच संभावित संबंध का उल्लेख किया गया, लेकिन अन्य अध्ययनों ने इससे उलट नतीजे पाए हैं।

शोधकर्ताओं ने सावधानी बरतते हुए कहा कि इस पर और अध्ययन की जरूरत है और गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर से सलाह लिए बिना दवा बंद नहीं करनी चाहिए। पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के मनोचिकित्सा विशेषज्ञ डेविड मंडेल ने कहा कि गर्भावस्था में अनियंत्रित संक्रमण का जोखिम टायलनॉल के संभावित जोखिमों से कहीं अधिक है।

### वैक्सीन नीति पर विवाद

ट्रंप के बयान के कुछ दिन पहले कैनेडी की ओर से चुनी गई एक सलाहकार समिति ने हेपेटाइटिस बी वैक्सीन की पहली खुराक को एक महीने टालने की सलाह देने से इनकार कर दिया, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को थोड़ी राहत मिली।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस वैक्सीन में देरी से गंभीर परिणाम हो सकते हैं, क्योंकि यह लिवर क्षति और कैंसर जैसी बीमारियों को रोकने में महत्वपूर्ण है।

इस बीच, ट्रंप प्रशासन ने ऑटिज्म के इलाज के लिए ल्यूकोवोरिन नामक दवा को बढ़ावा दिया, जिसे कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों के लिए पहले इस्तेमाल किया जाता था। सोमवार को एफडीए ने इस दवा की टैबलेट फॉर्म को उन बच्चों के लिए मंजूरी दी, जिनमें सेरेब्रल फोलेट की कमी है।

## सरकारी धन गबन मामलों में वित्त विभाग ने जताई नाराजगी

**भोपाल।** सरकारी धन के गबन और करप्शन से जुड़े मामलों में कोर्ट और विभागीय जांच के दौरान रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारियों को गवाही और बयान के लिए बुलाने पर वित्त विभाग ने कड़ा एतराज जताया है। विभाग ने साफ निर्देश जारी किए हैं कि स्टेट फाइनेंसियल सेल और महालेखाकार कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को किसी भी स्थिति में गवाह या अभियोजन साक्षी नहीं बनाया जाएगा। वित्त विभाग के अपर सचिव रोहित सिंह ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संचालक लोक अभियोजन, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजकर नए निर्देश दिए हैं। स्टेट फाइनेंसियल सेल, आयुक्त कोष और लेखा कार्यालय के अधीन काम करता है। यह इंटीग्रेटेड फाइनेंसियल मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम के जरिए बजट नियंत्रण अधिकारियों द्वारा किए गए भुगतान का डेटा एनालिसिस करता है। साथ ही, अलग-अलग कार्यालयों का आंतरिक लेखा परीक्षण (इंटरनल अकाउंट ऑडिट) भी करता है। गबन की स्थिति सामने आने पर संबंधित विभाग को ही एफआईआर और विभागीय जांच कराना होता है।

### महालेखाकार को गवाह बनाने पर रोक

वित्त विभाग ने कहा है कि महालेखाकार की आडिट रिपोर्ट नियमों के अनुसार ही होती है। यदि कोई आपत्ति गलत लगती है तो उस पर सीधे महालेखाकार कार्यालय को पत्र भेजा जा सकता है। वहीं सही आपत्ति मिलने पर संबंधित विभाग को कार्रवाई करनी होगी। विभाग ने साफ कर दिया है कि एजी कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी को न्यायालय में पेश होने की आवश्यकता नहीं है। वित्त विभाग ने एमपी वित्तीय संहिता के नियम 22, 23 और 25 का हवाला देते हुए कहा है कि गबन और भ्रष्टाचार मामलों में विभागीय और कानूनी कार्यवाही, जिम्मेदारी तय करना और शासन को हुई हानि की वसूली की जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष की होगी।



# भोपाल में भी हो सकती है इंदौर जैसी घटना

## 1200 से ज्यादा मकान जर्जर, नोटिस के 4 माह बाद भी नहीं हुए खाली

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम ने शहर भर में जून माह में 1,200 से अधिक ऐसे मकानों की पहचान की थी, जो कभी भी ढह सकते हैं। इनमें से 800 जर्जर मकानों को तुरंत खाली करने की नोटिस भी जारी किया गया था लेकिन चार माह बाद भी मकान खाली नहीं हुए। ऐसे में भोपाल में भी इंदौर जैसी घटना हो सकती है। दरअसल टीटी नगर में एक जर्जर मकान गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके बाद नगर निगम ने इन मकानों को तोड? का आदेश जारी किया था। पुराने भोपाल में कई 100 साल से भी पुरानी बिल्डिंग हैं जो जर्जर हालत में हैं और कभी भी ढह सकती हैं। इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के कोष्टी मोहल्ले में सोमवार की रात करीब 10 बजे एक 3 मंजिला इमारत अचानक से धराशाई हो गई थी। इस घटना में एक युवती सहित 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गये थे। जर्जर मकानों की स्थिति भोपाल की कई इमारतें 50 से 100 साल पुरानी हैं और भीड़भाड़ वाले बाजारों में खड़ी इन बिल्डिंगों के ढहने का खतरा और भी ज्यादा है। इन मकानों में रह रहे लोगों को खतरा बना हुआ है, लेकिन नगर निगम की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। **समस्याएं और चुनौतियां-** जर्जर मकानों को तोडने में कई समस्याएं और चुनौतियां हैं। इनमें से एक बड़ी समस्या है विस्थापन की प्रक्रिया। कई मकानों में किरायेदार और मालिक के बीच विवाद है, जो कार्रवाई में देरी का कारण बन रहा है। इसके अलावा, राजनीतिक हस्तक्षेप भी एक बड़ी समस्या है।

### जर्जर मकानों वाले क्षेत्र

*- ऐशबाग क्षेत्रः यहां के जनता क्वार्टर में 600 जर्जर मकान हैं, जहां 3 हजार से अधिक लोग रहते हैं।*

*- टीटी नगरः जून में यहां एक जर्जर मकान गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके बाद नगर निगम ने इन मकानों को तोडने का आदेश जारी किया था।*

*- पीर गेट, हमीदिया रोड, चौक बाजारः इन क्षेत्रों में भी कई जर्जर मकान और इमारतें हैं जो खतरा बनी हुई हैं।*

*- पीएटटी चौराह, जवाहर चौक सेकेंड स्टॉपः इस क्षेत्र में भी जर्जर मकानों की समस्या है*

## मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में एमपीपीएससी की दलीलें फेल

भोपाल। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा-2025 के मामले की सुनवाई हुई। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से हाई कोर्ट में मुख्य परीक्षा का शेड्यूल पेश कर मंजूरी प्रदान करने का आग्रह किया गया। इस पर हाई कोर्ट ने दूसरे पक्ष की सहमति के बिना मंजूरी प्रदान करने से इंकार कर दिया। याचिका पर अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को निर्धारित की गयी है। मामले के अनुसार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों भोपाल निवासी सुनीत यादव, नरसिंहपुर निवासी पंकज जाटव व बैतूल निवासी रोहित कावड़े की ओर से याचिका दायर की गई है। इसमें कहा गया है एमपीपीएससी द्वारा कुल 158 पदों की भर्ती हेतु प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम 05 मार्च को घोषित किए गए। लेकिन परिणाम में वर्गवार कटऑफ अंक जारी नहीं किए गए, जबकि पूर्व की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कटऑफ अंक जारी किए जाते रहे हैं। याचिकाकताओं ने ये तर्क दिए याचिकाकताओं की ओर से तर्क दिया गया सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के विभिन्न फैसलों को बायपास करते हुए आयोग ने अनारक्षित पदों के विरुद्ध आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु चयनित नहीं किया। समस्त अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित कर प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। आयोग ने अपनी इस असंवैधानिक त्रुटि को छुपाने के उद्देश्य से 2025 के प्रारंभिक परीक्षा में कटऑफ मार्क्स भी जारी नहीं किए। पिछली सुनवाई में राज्य शासन ने मांगी थी मोहलत याचिका में ये भी कहा गया नियमानुसार प्रत्येक चरण की परीक्षा में वर्गवार कटऑफ अंक जारी किए जाने का प्रावधान है। इसके चलते याचिकाकताओं को मुख्य परीक्षा में चयन से वंचित कर दिया गया है। विगत 21 जुलाई को सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया था। शासन और आयोग की ओर से मुख्य परीक्षा-2025 पर लगा स्थगन हटाने की भी मांग की गई थी। इस पर हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि परीक्षा पर स्थगन नहीं है।

**रेलवे ने नवरात्रि पर श्रद्धालुओं को दिया तोहफा**

# ट्रेन में परोसा जा रहा फलाहारी भोजन

**सात्विक आहार के मैन्यू में साबूदाने से लेकर सेंधा नमक जैसी चीजें शामिल की हैं।**



**भोपाल।** नवरात्र के दौरान उपवास रखकर ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों की सुविधा के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने फलाहारी मैन्यू की शुरूआत की है। रेलवे ने यात्रियों के लिए सात्विक भोजन और फलाहारी भोजन की सुविधा शुरू कर दी है। सात्विक आहार के मैन्यू में साबूदाने से लेकर सेंधा नमक जैसी चीजें शामिल की हैं। जीरा आलू, आलू की टिक्की, साबूदाना की खिचड़ी, साबूदाना बड़ा, मलाई बर्फी, लस्सी, सूखे मखाने, व्रत में खाई जाने वाली सब्जियां, मूंगफली नमकीन और सादा दही को शामिल किया गया है। इसके लिए आईआरसीटीसी की ई-कैटरिंग वेबसाइट या ऐप पर बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यहां ऑनलाइन पेमेंट या पे ऑन डिलीवरी दोनों ही विकल्प हैं। ऑर्डर करने पर संबंधित स्टेशन पर यात्री को अपनी बर्थ पर ही खाना मिल जाएगा। इन सात्विक थालियों की कीमत 100 से 200 रुपये के बीच है। मिलेगी एक लीटर रेल नीर की बोतल भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से ग्वालियर होते हुए हजरत निजामुद्दीन जाने वाली वंदे भारत, खजुराहो वंदे भारत सहित अब सभी वंदे भारत ट्रेनों में यात्रियों को फिर से एक लीटर रेल नीर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पहले ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को 500 मिली रेल नीर की बोतल दी जाती थी। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को निर्देश जारी किए हैं कि यात्रियों को एक लीटर रेल नीर की बोतल उपलब्ध कराई जाए। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय अधिकारी अजीत सिन्हा ने बताया कि रेलवे बोर्ड से सर्कुलर जारी किया गया है।

# विकास योजनाओं को रफ्तार देने पर फोकस

## आगामी एक साल के लिए हो रही अफसरों की जमावट




**भोपाल।** मप्र में शासन-प्रशासन का फोकस सुशासन और विकास पर है। विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने और उन्हें रफ्तार देने के लिए आगामी एक साल के लिए अफसरों की जमावट की जा रही है। दरअसल, एक साल का एक्सटेंशन मिलने के बाद मुख्य सचिव अनुराग जैन की कोशिश है कि इस दौरान विकास की गति को बढ़ाया जाए, ताकि योजनाओं-परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा किया जा सके। इसके लिए अफसरों को उनकी योग्यता के अनुसार पदस्थापना दी जा रही है। दरअसल, केंद्र सरकार द्वारा एक वर्ष का एक्सटेंशन दिए जाने के बाद सीएस अनुराग जैन अब आने वाले दिनों में मप्र में प्रशासन को स्थिरता देने में लगे हुए हैं। इसके लिए वे अफसरों की नए सिरे से जिम्मेदारी दे रहे हैं। अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलने के बाद 32 आईएएस अधिकारियों की 2 अलग-अलग तबादला सूची जारी की जा चुकी हैं। दोनों तबादला आदेश एक सप्ताह के अंतराल (8 सितंबर और 15 सितंबर) से जारी हुए। दोनों आदेशों में सचिव, अपर सचिव और उप सचिव रैंक के अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई। साथ ही 5 जिलों के कलेक्टर और 11 जिला पंचायत सीईओ भी बदले गए। आने वाले दिनों में और आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना की जाएगी।

### एक और सूची पर मंथन

माना जा रहा है कि आगामी प्रशासनिक फेरदबल में अपर मुख्य सचिव (एसीएस), प्रमुख सचिव (पीएस) और कलेक्टरों के तबादले होंगे। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव कार्यालय के बीच तबादला सूची पर मंथन चल रहा है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि तीन साल बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की गति को और तेज करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। ऐसे में वह नहीं चाहती की अधिकारियों की बार-बार नई पदस्थापना से प्रशासनिक अस्थिरता आए और कामकाज प्रभावित हो। इसलिए अब महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर ऐसे अधिकारियों की पदस्थापना की जाएगी, जो सरकार की उम्मीद के अनुसार परिणाम दे सकें। ऐसे ही लंबे समय से जिलों में पदस्थ और नॉन परफॉर्मर कलेक्टरों को फील्ड से हटाकर 2016 बैच के बचे हुए आईएएस और 2017 बैच के आईएएस अफसरों को कलेक्टर के पद पर पदस्थ किया जाएगा।

# फायरिंग के आरोप में फैजान मछली गिरफ्तार

## ड्रग तस्कर यासीन मछली का करीबी है, पहले भी कर चुका कई वारदात

**घटना मंगलवार देर रात की है। जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।**



**भोपाल।** भोपाल के बुधवारा में कुख्यात अपराधी फैजान मछली ने डेढ़ लाख रुपए के लेन-देन के चलते युवक पर फायरिंग कर दी। आरोपी ड्रग तस्कर यासीन मछली का करीबी है। घटना मंगलवार देर रात की है। जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बुधवार को आरोपी फैजान की गिरफ्तारी कर ली गई। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद उसे नोटिस देकर थाने से छोड़ा जा सकता है। टीआई काशीराम कुशवाह के मुताबिक फरियादी दानिश बेग पिता जफर बेग (30) निवासी खजांची वाली गली बुधवारा चाय और बिरयानी का होटल संचालित करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीबन 1:15 बजे मैं और मेरे बड़ा भाई शारिक बेग व उसका दोस्त फरहान हम तीनों हमारे घर के सामने बैठे थे। उसी समय फैजान मछली व दो अन्य लोग एक्टिवा से आए व डेढ़ लाख रुपए के लेन देन की बात को लेकर अभद्रता करने लगे। अभद्रता का विरोध करने पर फायरिंग की भाई शारिक बेग ने विरोध किया। इससे गुस्साए फैजान ने करीब आठ राउंड फायर हवा में कर दहशत फैला दी। इसी के साथ शारिक के साथ लात-मुक्कों से मारपीट कर दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने धारा 296.125(ए),351(2),3(5) बीएनएस एवं 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कट्टा जब्त किया पुलिस ने आरोपी फैजान मछली को उसके घर से बुधवार तडके गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से देसी कट्टा भी जब्त कर लिया है। फैजान से पूछताछ कर यह भी पता लगाया जा रहा है कि कट्टा उसने किससे और कितने में खरीदा। फैजान पर पूर्व में बलवा, मारपीट, फायरिंग और अनैतिक कार्य करने के करीब 8 केस दर्ज हैं।

# राजधानी में पुलिस अधिकारी भी असुरक्षित

## आईजी इंटेलीजेंस का मोबाइल लूट ले गए बदमाश



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में लुटेरों और बदमाशों के हौंसले कितने बुलंद हो चुके हैं, इसका अंदाजा हबीबगंज थाना क्षेत्र में घटित एक लूट से हो रही है। लुटेरों ने बीती रात चार इमली के पास से ही मध्यप्रदेश के महानिरीक्षक गुप्त वार्ता (आईजी इंटेलीजेंस) का ही मोबाइल लूट ले गए। बाइक सवार लुटेरे मोबाइल लूटने के बाद चूनाभट्टी की तरफ भागे और दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती में मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद से आईजी के मोबाइल की लोकेशन नहीं मिल रही है। पुलिस के अनुसार आईजी डॉ. आशीष चार इमली में रहते हैं और खाना खाने के बाद टहल रहे थे। वह सडक पर चल रहे थे, तभी किसी का फोन आ गया। आईजी फोन पर बात करते हुए चल रहे थे, तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और झपट्टा मारकर आईजी का मोबाइल लूट लिया और एकातं पार्क वाली सडक होकर चूनाभट्टी की तरफ भाग गए। घटना की सूचना के बाद हबीबगंज थाने की पुलिस के साथ भोपाल नए शहर के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। क्राइम ब्रांच की आधा दर्जन टीमें बनाई गईं और एमपी नगर, टीटी नगर, चूनाभट्टी और हबीबगंज थानों के पुलिसकर्मियों को क्राइम ब्रांच की टीमों में शामिल कर बदमाशों की तलाश के लिए नाकेबंदी भी की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बदमाशा चूनाभट्टी और कमला नगर थाना क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। घटना रात करीब ग्यारह बजे के करीब की बताई जा रही है। **कांग्रेस ने उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल-** आईजी इंटेलीजेंस के पास पूरे प्रदेश के कानून-व्यवस्था की निगरानी के साथ जिलों में होने वाली छोटी-बड़ी अपराधिक घटनाओं के साथ उपद्रव, हिंसा और अन्य मामलों को लेकर इनपुट लेकर राज्य सरकार तक पहुंचाना होता है। कांग्रेस ने आईजी इंटेलीजेंस के साथ हुई लूट को लेकर मध्यप्रदेश सरकार को घेरते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

# कांग्रेस शुरू करने जा रहीं हर बूथ मजबूत कार्यक्रम, मतदान केंद्रों पर बनेंगे बूथ रक्षक

## कमजोर सीटों पर जोर लगाएंगी प्रियंका गांधी

**भोपाल।** मप्र में कांग्रेस अभी से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। कांग्रेस का फोकस कमजोर सीटों पर है। इसके लिए पार्टी हर बूथ मजबूत कार्यक्रम शुरू करने जा रहीं हैं। इसकी जिम्मेदारी सांसद प्रियंका गांधी को दी गई है। वे कमजोर सीटों पर कांग्रेस को मजबूत करनेके लिए अभियान चलाएगी। फिलहाल मप्र, उप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा की एक-एक विधानसभा सीटों को इस प्रोग्राम के लिए चुना गया है। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो प्रियंका गांधी ने हर बूथ मजबूत कार्यक्रम के लिए मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा सीट को चुना है। दिमनी से भाजपा के कद्दावर नेता और मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर विधायक हैं। राजस्थान के बाड़मेर जिले की सिवाना से कांग्रेस के पूर्व विधायक और राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष गोपाराम मेघवाल को प्रियंका गांधी ने दिमनी की जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अलग-अलग राज्यों की 5 ऐसी विधानसभा सीटें इस कार्यक्रम के लिए चुनी हैं जहां पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कम अंतर से चुनाव हारी है। इस कार्यक्रम के लिए 25 ऐसी लोकसभा सीटें हैं जहां कांग्रेस कैंडिडेट्स की हार का अंतर 33 से 35 हजार के बीच रहा है। वहीं 30 सीटें ऐसी हैं जहां हार का अंतर 50 से 55 हजार के बीच रहा है। **20-20 बूथों के कलस्टर बनाए जाएंगे-** इस कार्यक्रम के तहत चुने गए विधानसभा क्षेत्र में 20-20 बूथों के कलस्टर बनाए जाएंगे। हर कलस्टर बूथ रक्षक नियुक्त किया जाएगा। बूथ रक्षक को प्रियंका गांधी की टीम ट्रेनिंग देंगी। बूथ रक्षक अपने कलस्टर की बूथ समितियों के सदस्यों को गाइड करेगा। बूथ रक्षक ये सुनिश्चित करेंगे कि किस मतदान केन्द्र पर कितने मतदाताओं के नाम गलत जुड़े हुए हैं।

## सोयाबीन फसल पर पीला मोजेक का प्रकोप

**कृषि विभाग की टीम ने सर्वे का काम शुरू किया, कम अवधि वाली किस्मों पर ज्यादा असर**

**भोपाल।** मप्र में सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक रोग और अतिवर्षा का प्रभाव देखा जा रहा है। कृषि और राजस्व विभाग की टीमें लगातार मैदानी निरीक्षण कर रही हैं और फसल का विस्तृत सर्वे किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन ने सर्वे रिपोर्ट की मांग की है ऐसे में जिला प्रशासन सर्वे पूरा होते ही रिपोर्ट शासन को भेजेगा। इससे प्रभावित किसानों को समय पर राहत राशि मिल सकेगी। अगस्त में असमान वर्षा और बाद में हुई अधिक बारिश से कुछ क्षेत्रों में फसल प्रभावित हुई है। सोयाबीन में पीला मोजेक, गर्डल बीटल, स्टेम फ्लाय, एरियल ब्लाइट और जलभराव की समस्याएं मिली हैं। कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों को तकनीकी सलाह दे रहे हैं। वैज्ञानिकों ने किसानों को कीट नियंत्रण के लिए पीले चिपचिपे जाल के उपयोग की सलाह दी है। साथ ही कीटनाशकों और फफूंदनाशक का समय पर छिडकाव करने को कहा है। संक्रमित पौधों को खेत से निकालने और जलभराव से बचाव की सलाह भी दी गई है। कम समय में तैयार होने वाली फसलों में लगा रोग सर्वे में पाया गया है कि जे.एस.- 560 और कम अवधि वाली किस्मों में रोग का प्रभाव ज्यादा है। फसल बीमा कंपनी को भी सर्वे में शामिल किया गया है। पटवारियों को गिरदावरी पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में सोयाबीन, उड़द और मूंग की फसलें पकने की स्थिति में हैं।

# ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में 8 अक्टूबर से रोजाना सुनवाई

## सामान्य वर्ग के वकीलों ने मांगा समय, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम तैयार हैं, आप नहीं



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में 24 सितंबर से सुप्रीम कोर्ट में रोजाना सुनवाई शुरू होनी थी। हालांकि अब ये 8 अक्टूबर से होगी। दरअसल, बुधवार को सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और मध्यप्रदेश सरकार के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर लागू अंतरिम स्टे हटाने की मांग की। इस पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की ओर से वकील पूजा धर और लेखी ने दलील दी कि उन्हें मप्र सरकार की ओर से मंगलवार को ही 15 हजार पेज के दस्तावेज सौंपे गए हैं। इन दस्तावेजों का अध्ययन करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 8 अक्टूबर की तारीख तय कर दी और तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हम तैयार हैं, आप नहीं। असाधारण परिस्थितियों की रिपोर्ट सौंपी गई- सूत्रों के अनुसार, इन 15 हजार से ज्यादा पन्नों में मप्र सरकार ने ओबीसी को अतिरिक्त आरक्षण देने के पक्ष में असाधारण परिस्थितियों का जिक्र किया है। इसमें प्रदेश में ओबीसी की सामाजिक और प्रशासनिक भागीदारी को लेकर डाटा और अलग-अलग रिपोर्टें शामिल हैं। हालांकि, अभी तक इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही इंदिरा साहनी केस का हवाला देते हुए स्पष्ट कर चुका है कि यदि 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा से अधिक आरक्षण देना है तो इसके लिए असाधारण परिस्थितियों को सिद्ध करना जरूरी है। **सुप्रीम की तल्ख टिप्पणी- हम तैयार हैं, आप नहीं-** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हम इस मामले को सुनने के लिए तैयार हैं, लेकिन आप लोग तैयार नहीं हैं। आप केवल अंतरिम राहत की मांग कर रहे हैं, लेकिन हम पहले ही स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। कोई भी ठोस पहल नहीं कर रहा है। कोई गंभीरता नहीं दिख रही है।

### प्रथम दृष्टया मामला मानकर अगली सुनवाई तय

*ओबीसी समाज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी. विल्सन ने कोर्ट से निवेदन किया कि यह मामला प्रथम दृष्टया है, अतः इस पर अंतरिम आदेश पारित किया जाए। कोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए 8 अक्टूबर को इसे टॉप ऑफ द बोर्ड पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। सुनवाई के बाद ओबीसी महासभा ने बयान जारी करते हुए कहा, आज की सुनवाई समाज के संवैधानिक अधिकारों और 27 प्रतिशत आरक्षण बहाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम है। महासभा समाज के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्षरत रहेगी।*

दैनिक प्रभात परिक्रमा





# मस्ती 4 में कमाल दिखाएगी रितेश, विवेक और आफताब की तिकड़ी

हाल ही में सामने आई एक्सक्लूसिव रिपोर्ट्स के अनुसार मिलाप मिलन झावेरी के निर्देशन में बनी फिल्म मस्ती 4 जल्द ही नवंबर 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में एक बार फिर विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख और आफताब शिवदासानी की तिकड़ी दर्शकों को एंटरटेन करती दिखाई देगी। इसके अलावा, हाल ही में आई खबरों के अनुसार मस्ती 4 के मेकर्स के इस हफ्ते फिल्म की पहली झलक यानी पहला टीजर लॉन्च करने वाले हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।हाल ही में आई खबरों के मुताबिक फिल्म मस्ती 4 का पहला टीजर अगले कुछ ही दिनों में जारी होने वाला है। जी हां, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख और आफताब शिवदासानी स्टारर मस्ती 4 के पहले टीजर का रनटाइम रिवील हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक फिल्म का टीजर 1 मिनट 20 सेकंड का तैयार हो चुका है, जिसे जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाने वाला है। यह पहला टीजर फिल्म की रिलीज डेट 21 नवंबर को दोबारा कन्फर्म करेगा और दर्शकों को इस कॉमिक केपर की दुनिया की पहली झलक भी देगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बताया जा रहा है कि मेकर्स मस्ती 4 को लेकर दर्शकों में एक्साइटमेंट पैदा करना चाहते हैं और इस फ्रेंचाइजी को नई पीढ़ी के सामने दोबारा पेश करने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। मस्ती 4 का टोन मस्ती पार्ट 1 जैसा है, जहां कॉमेडी सिचुएशनल है और उसमें थ्रिल का बेहतरीन तड़का भी मौजूद है। आपको बता दें, इस बार मेकर्स ने कहानी के एंगल पूरी तरह बदल दिया है, क्योंकि इस बार एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर में पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी शामिल हैं।मिलाप मिलन झावेरी निर्देशित और ए. झुनझुनवाला, इंद्र कुमार व एकता कपूर द्वारा प्रोड्यूस्ड फिल्म मस्ती 4 में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी के साथ-साथ जेनेलिया डिसूजा, एलनाज नौरोजी, रुही सिंह और अरशद वारसी जैसे बेहतरीन सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे



# 'कांतारा' से डर गए वरुण धवन

इस समय किसी भी फिल्म को सोलो रिलीज मिलना बहुत बड़ी बात है. खासकर जब त्योहार का मौका हो. बेशक सालभर पहले से ही उस तारीख पर रुमाल रख दिया जाए. पर रिलीज होने तक सामने क्लैश के लिए दूसरी फिल्म आ ही जाती है. फिलहाल सबकी निगाहें 2 अक्टूबर की तारीख पर है, जब ऋषभ शेट्टी और वरुण धवन का क्लैश होगा. जी हां, 'कांतारा चैप्टर 1' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' एक ही तारीख पर आ रही है. पर जबसे ऋषभ की फिल्म का ट्रेलर आया है, वरुण की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है. क्या उन्हें कांतारा से डर लग रहा है?'कांतारा चैप्टर 1' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसके कई भाषाओं में ट्रेलर रिलीज किए गए. सभी को धांसू रिस्पॉन्स मिला है. वहीं दूसरी ओर वरुण धवन की फिल्म भी है, जो ऋषभ के आगे कितना टिक पाएगी, यह तो रिलीज के बाद ही पता लग पाएगा. इसी बीच वरुण से ङ्क पर सवाल किया गया कि 'कांतारा' से डर नहीं लग रहा? अब उन्होंने जवाब दिया है.वरुण धवन का ऋषभ शेट्टी से बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है. जिसके लिए फैन्स सुपर एक्साइटेड हैं. जहां कांतारा के पहले पार्ट ने हिंदी ऑडियंस का दिल जीता था, इस बार भी मेकर्स का पूरा फोकस नॉर्थ इंडिया पर है. अब वरुण धवन ने डर लगने वाले सवाल का जवाब दिया है. वो लिखते हैं कि- 卐रिलीज डेट तो प्रोडक्शन वाले सेट करते हैं. पर हम बस अपनी फिल्म पर मेहनत कर रहे हैं और लोगों को हंसाने की कोशिश. मैं विश करता हूं 2 अक्टूबर को सब हंसे, मुस्कुराएं और जश्न मनाए.卐

दरअसल वरुण धवन की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को शशांक खेतान ने डायरेक्ट किया है. जबकि फिल्म में वरुण धवन के अलावा जान्हवी कपूर भी अहम किरदार में नजर आ रही हैं. फिल्म के गाने काफी वायरल हैं, पर कांतारा के सामने होने के चलते उनके फैन्स को डर सता रहा है. पर वरुण ने इशारों-इशारों में कह दिया कि उन्हें कोई डर नहीं है.दरअसल जब ऋषभ शेट्टी पहली बार बड़े पर्दे पर कांतारा लेकर आए. उस वक्त सिर्फ कन्नड़ में फिल्म रिलीज हुई थी. जिसके बाद फिल्म ने ऐसी तबाही मचाई कि हिंदी में भी रिलीज की गई. 16 करोड़ में बनी फिल्म ने दुनियाभर से 407 करोड़ कमाए थे. वहीं इसी फिल्म के लिए एक्टर को बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला था.



# 'कल्कि 2898एडी' दीपिका के EXIT से पूरा काम चौपट...!


दीपिका पादुकोण इस वक्त उन प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनसे बाहर हो गई हैं. पर बावजूद इसके उनके हाथ में कई और बड़ी फिल्में भी हैं. फिलहाल वो शाहरुख खान की 'किंग' के लिए शूट कर रही हैं. जिसकी जानकारी एक पोस्ट शेयर कर दी थी. वहीं दूसरी ओर एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म से भी जल्द जुड़ना है. जिसमें वो लीडिंग लेडी के रोल में हैं. पर असली मामला फंसा है 'कल्कि 2898एडी' के सीक्वल को लेकर, जिससे उनका पत्ता कट चुका है. अब पता लगा कि एक्ट्रेस के एग्जिट से दीपिका का नहीं, बल्कि मेकर्स का काम बिगड़ गया है.हाल ही में 'कल्कि 2898एडी' के मेकर्स ने अनाउंस किया कि दीपिका पादुकोण सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी. हालांकि, यह प्रभास का पहला प्रोजेक्ट नहीं है, जिससे वो बाहर हो रही हैं. इससे पहले ही स्पिरिट को लेकर भी सुर्खियां बटोर चुकी हैं. जिससे उनका पत्ता कट चुका है. संदीप रेड्डी वांगा ने इस पर पोस्ट भी शेयर किया था. अब खबर आई कि दीपिका कल्कि के सीक्वल के लिए पहले ही काफी काम कर चुकी थीं. एक न्यूज वेबसाइट पर खबर छपी. जिससे पता लगा कि कल्कि के सीक्वल से बेशक दीपिका पादुकोण बाहर हो गई हैं. पर उन्होंने पहले ही पार्ट 2 के लिए 20 दिन का शूट कर लिया था. दरअसल जिस वक्त फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग चल रही थी, उसी वक्त दीपिका ने कुछ सीन्स शूट किए थे, जिसे पार्ट 2 में दिखाया जाना था। 20 दिन का शूट करने के बाद अब वो सीक्वल में नहीं दिखेंगी. ऐसे में मेकर्स की पूरी मेहनत बर्बाद हो गई. जिसे अब फिल्म में इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा.यह भी कहा जा रहा है कि दीपिका पादुकोण पहले से जानती थीं कि उनका सीक्वल में अहम रोल होने वाला है. लेकिन फीस बढ़ाने की मांग को लेकर मामला बिगड़ गया. हालांकि, कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि उनका रोल छोटा कर दिया गया था इसलिए फिल्म से बाहर हो गई. पर सच्चाई क्या है, यह फैन्स जानना चाहते हैं. दरअसल कल्कि के जन्म से पहले ही फिल्म में बड़ा बदलाव हो गया. क्योंकि पहले पार्ट में महज सभी किरदारों का इंट्रोडक्शन था।



# शाहरुख खान को 'जवान' के लिए बेस्ट एक्टर का पहला नेशनल अवॉर्ड

**फिल्म ने कमाए थे 1100 करोड़**

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को आज नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. एक्शन-थ्रिलर फिल्म जवान के लिए शाहरुख को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला. 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड-2023 में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड शाहरुख खान के साथ-साथ विक्रांत मैसी को भी मिला. विक्रांत मैसी को 12वीं फेल के लिए यह सम्मान दिया गया है.71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड-2023 दिल्ली में 23 सितंबर को आयोजित किया गया. जिसमें अवॉर्ड लेने वाले तमाम सितारों ने शिरकत की. अब 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं. जिसमें वो ब्लैक कलर के सूट में नजर आए. एक्टर की सीट रानी मुखर्जी के पास ही थी. दोनों के चेहरे पर नेशनल अवॉर्ड की खुशी साफ झलक रही है.नेशनल अवॉर्ड की अनाउंसमेंट 1 अगस्त 2025 को हुई थी. शाहरुख खान ने अनाउंसमेंट के बाद वीडियो जारी कर सबका आभार जताया था. इस वीडियो में उन्होंने कहा, इस सम्मान के लिए भारत सरकार का शुक्रिया. मुझ पर बरस



रहे प्यार से अभिभूत हूं. ये अवॉर्ड मेरे लिए एक रिमाइंडर है. एक्टिंग सिर्फ काम नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी है, स्क्रीन पर सच दिखाने की जिम्मेदारी. सबके प्यार के लिए मैं बहुत-बहुत आभारी हूं.卐 बॉलीवुड के बादशाह कहे जाने वाले शाहरुख खान करीब 35 साल से फिल्मों में काम कर रहे हैं. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की. टीवी पर भी शाहरुख काम कर चुके हैं. 1989 में उनका सीरियल फौजी आया, जिसे सफलता मिली. इसके बाद उन्होंने फिल्मों का रुख किया. उन्होंने दीवाना (1992) से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जो सुपरहिट रही. इसमें शाहरुख खान के साथ दिव्या भारती और ऋषि कपूर लीड रोल में थे. इसके बाद बाजीगर और डर में निगेटिव रोल कर उन्होंने दर्शकों का दिल जीता. दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के बाद उन्हें 'किंग ऑफ रोमांस' कहा जाने लगा.

शाहरुख खान की पॉपुलर फिल्मों में करण अर्जुन, दिल तो पागल है और कुछ कुछ होता है शामिल हैं. 2000ह्य की हिट फिल्मों की बात करें तो मोहब्बतें, कभी खुशी कभी ग़म (चउत्र), देवदास, कल हो ना हो, वीर-ज़ारा, कभी अलविदा ना कहना, चक दे! इंडिया, ओम शांति ओम और रब ने बना दी जोड़ी जैसी फिल्में शामिल हैं. इसके बाद माय नेम इज़ खान, चेन्नई एक्सप्रेस, हैप्पी न्यू ईयर और रईस हिट साबित हुईं. वहीं जीरो और जब हैरी मेट सेजल जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं।



# सैयारा से रातोंरात स्टार बनीं अनीत पड्डा, अब यशराज की लव स्टोरी में आएंगी नजर

*इस साल बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिनमें से एक फिल्म सैयारा भी है। मोहित सूरी की ओर से निर्देशित सैयारा बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की एक्टिंग लोगों को खूब पसंद आई। फिल्म की कहानी और दोनों एक्टर्स की केमिस्ट्री की खूब तारीफ हो रही है। इस बीच अब खबर है कि एक्ट्रेस अनीत पड्डा अपने करियर में एक बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। अनीत पड्डा की किस्मत चमक गई है और उनकी झोली में नई फिल्म आ गई है।*

अनीत को यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली मशहूर फिल्म निर्माता मनीष शर्मा की अगली फिल्म में एक अहम भूमिका मिली है। ऐसे में आदित्य को लगा कि वह मनीष शर्मा की अगली लव स्टोरी ड्रामा के लिए एकदम परफेक्ट रहेंगी. रिपोर्ट में आगे दावा किया गया है कि इस अनिर्धारित फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात के लिए मशहूर मनीष इस नई फिल्म के साथ निर्देशन में वापसी कर रहे हैं।रिपोर्ट में आगे कहा गया है, 'बैंड बाजा बारात' और 'शुद्ध देसी रोमांस' के साथ, मनीष ने दिखाया कि वह युवाओं की कहानियां कहने में माहिर हैं उनकी नई फिल्म पंजाब पर आधारित है। मुख्य अभिनेता का चयन अभी बाकी है। मूवी 2026 की पहली छमाही में शुरू होगी. हालांकि, फिल्म का टाइटल अबतक फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन पिक्चर का प्री-प्रोडक्शन वर्क शुरू कर दिया गया है।

अनीत पड्डा धीरे-धीरे अपनी एक्टिंग स्किल से धूम मचा रही हैं। बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के अनीत ने कड़ी मेहनत और टैलेंट के दम पर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। वह पहली बार एक्ट्रेस रेवती द्वारा निर्देशित फिल्म 'सलाम वेंकी' में पर्दे पर नजर आईं। इस फिल्म में उन्होंने काजोल के साथ काम किया था।

अनीत पड्डा को 2024 में वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' से और भी ज्यादा पहचान मिली। उन्होंने इस शो में रूही का किरदार निभाया और पूजा भट्ट, राइमा सेन और जोया हुसैन जैसे जाने-माने कलाकारों के साथ काम किया। दर्शकों और आलोचकों, दोनों ने उनके काम को सराहा और सराहा। इस सीरीज ने उन्हें एक मजबूत मंच दिया और युवा दर्शकों के बीच अपना फैन बेस बनाने में मदद की। इस रोल ने उनके लिए नए ऑफर्स के दरवाजे खोले।एक्टिंग के अलावा, अनीत को म्यूजिक का भी शौक है। वह एक सिंगर और गीतकार भी हैं।





## वेस्टइंडीज के खिलाफ

# टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं ऋषभ पंत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। यह टेस्ट सीरीज 2-14 अक्टूबर के बीच खेली जानी है। ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत के उप-कप्तान रहे थे, लेकिन मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। वह इस मैच में लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन ओवल में खेले गए आखिरी टेस्ट में नहीं खेल सके। पंत के स्थान पर सीरीज के अंतिम मैच में एन जगदीशन को टीम में शामिल किया गया था। वह फिलहाल बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस समय ऋषभ पंत स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग से गुजर रहे हैं। बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग शुरू करने से पहले बीसीसीआई की मेडिकल टीम की ओर से अपडेट का इंतजार किया जा रहा है। पंत की वापसी के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं की गई है। पंत की अनुपस्थिति में, ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज के विरुद्ध सीरीज में भारत के विकेटकीपर होंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के अंतिम दो टेस्ट मैच में विकेटकीपिंग की थी। अगर चयनकर्ता वेस्टइंडीज सीरीज के लिए दूसरे विशेषज्ञ विकेटकीपर का चयन करते हैं, तो एन जगदीशन बैकअप विकल्प हो सकते हैं। यह भी माना जा रहा है कि चयनकर्ता टेस्ट सीरीज के लिए नितीश कुमार रेड्डी और देवदत्त पडिक्कल के नाम पर विचार कर सकते हैं। भारत-वेस्टइंडीज के बीच यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी, जिसके बाद भारत वर्तमान में डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर मौजूद है। वहीं, दूसरी ओर वेस्टइंडीज तीन मैचों में तीन हार के बाद छठे स्थान पर है।

भारत-इंग्लैंड की टीमें 2-6 अक्टूबर के बीच अहमदाबाद में पहला टेस्ट मैच खेलेंगी, जिसके बाद 10-14 अक्टूबर के बीच दिल्ली में सीरीज का दूसरा मुकाबला आयोजित होगा।



## उन्हें आईपीएल में भी अंपायरिंग करनी है, फखर जमां को आउट देने पर अफरीदी ने उगला जहर

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारत के विरुद्ध सुपर-4 मुकाबले में फखर जमां को आउट दिए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने एशिया कप 2025 में अंपायरिंग के मानकों पर फिर से बहस छेड़ दी है। फखर जमां इस फैसले से नाखुश दिखे। उनका मानना था कि विकेटकीपर के दस्तानों में जाने से पहले गेंद जमीन को छू चुकी थी। समा टीवी पर शाहिद अफरीदी ने अंपायर पर तंज कसते हुए कहा, उन्हें आईपीएल में भी अंपायरिंग करनी है। पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद यूसुफ ने अफरीदी का समर्थन करते हुए फखर जमां को आउट दिए जाने पर अफसोस जताया है। यूसुफ ने कहा, फखर जमां हमारे प्रमुख खिलाड़ी थे, उन्होंने विश्वस्तरीय गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह) के खिलाफ कुछ चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने भी थर्ड अपंयार के इस फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि गेंद बाउंस हुई है। अंपायर गलतियां कर सकते हैं, और यह समझ में आता है। मुझे तो ऐसा लगा कि गेंद बाउंस हुई है, लेकिन मैं गलत भी हो सकता हूं। अगर फखर जमां खेलते रहते, तो हम 190 के आसपास पहुंच सकते थे।

# पीएसजी स्टार डेम्बेले ने बैलन डीओर जीता

### महिलाओं में बोनमाटी की हैट्रिक

28 वर्षीय डेम्बेले ने पेरिस में आयोजित समारोह में बार्सिलोना के किशोर प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यमाल को पछाड़कर यह खिताब अपने नाम किया। ओस्मान डेम्बेले ने इस सीजन पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के लिए 53 मुकाबलों में 35 गोल और 16 असिस्ट किए। हालांकि, चोट के चलते वह मार्सिले में पीएसजी के लीग मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे।



ओस्मान डेम्बेले ने बैलन डीओर जीतने पर खुशी जताते हुए कहा, सचमुच मेरे पास शब्द नहीं हैं। पीएसजी के साथ यह एक शानदार सीजन रहा। यह एक व्यक्तिगत ट्रॉफी है, लेकिन असल में इसे सामूहिक रूप से जीता गया। मेरे करियर में बैलन डीओर मेरा लक्ष्य नहीं रहा है, लेकिन मैंने टीम को चैंपियंस लीग जिताने के लिए कड़ी मेहनत की। इसके साथ ही ओस्मान डेम्बेले अपनी मां का जिक्र करते हुए भावुक हो गए, जो उस समारोह में मौजूद थीं।

18 वर्षीय लामिन यमाल उपविजेता रहे। स्पेन और बार्सिलोना के इस फॉरवर्ड ने कोपा ट्रॉफी अपने नाम की। लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार जीतते हुए, उन्होंने विश्व फुटबॉल के सबसे चमकते युवा सितारों में अपनी पहचान पुख्ता कर दी।

दूसरी ओर, ऐताना बोनमाटी लगातार तीन बार गोल्डन बॉल जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इस उपलब्धि में बोनमाटी ने लियोनेल मेस्सी और मिकेल प्लेटिनी जैसे दिग्गज फुटबॉलर के साथ शामिल हुईं। 27 वर्षीय बोनमाटी ने हमवतन और आर्सेनल स्टार मारियोना काल्डेन्टे को पीछे छोड़ा, जिन्होंने विमेंस चैंपियंस लीग फाइनल में गोल दागकर टीम को खिताब दिलाया था। बोनमाटी को यूरो 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था, हालांकि फाइनल में स्पेन इंग्लैंड से पेनाल्टी शूटआउट में हार गया।

# बहुत सारी कमजोरियां हैं..., भारत से लगातार दो मैच हारने पर वसीम अकरम ने पाकिस्तान टीम को लताड़ा

**दुबई, एजेंसी।** अकरम ने पाकिस्तान की बल्लेबाजी को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि टीम 10 ओवरों में 91/1 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन सिर्फ 171 रन ही बना पाई। अकरम ने कहा कि ऐसी स्थिति में टीम को 200 रन तक पहुंचना चाहिए। पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एशिया कप 2025 सुपर फोर में भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान टीम की कड़ी आलोचना की है। अकरम ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को टीम इंडिया ने हर विभाग में मात दी। उन्होंने पाकिस्तान की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और रणनीति सभी पर सवाल उठाए। अकरम ने कहा, भारत ने पाकिस्तान को हर विभाग में पछाड़ दिया और यह पिछले चार-पांच वर्षों से होता आ रहा है। हम (पाकिस्तान) केवल एक-दो बार ही जीत पाए हैं।



### बल्लेबाजी में सुधार की आवश्यकता

अकरम ने ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए पाकिस्तान की बल्लेबाजी को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि टीम 10 ओवरों में 91/1 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन सिर्फ 171 रन ही बना पाई। अकरम ने कहा कि ऐसी स्थिति में टीम को 200 रन तक पहुंचना चाहिए था। उन्होंने खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट और विशेषकर रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर जोर दिया। अकरम ने कहा, बहुत सारी कमजोरियां हैं। खिलाड़ियों को एक निश्चित मात्रा में रेड-बॉल क्रिकेट खेलनी चाहिए। यही तरीका है जिससे आप स्पिनर्स को समझ पाएंगे और बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

## श्रेयस अय्यर ने अचानक छोड़ी कप्तानी

- **तुरंत ही लौट आए मुंबई, जानिए क्या है पूरा मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच चल रही चार दिवसीय अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज में भारत को बड़ा झटका लगा है. सीरीज के दूसरे मुकाबले से ठीक पहले श्रेयस अय्यर, जो इंडिया ए टीम के कप्तान और मध्यक्रम के बल्लेबाज हैं, ने अचानक कप्तानी छोड़ते हुए टीम से अपना नाम वापस ले लिया और मुंबई लौट गए हैं. इस अचानक फैसले ने टीम प्रबंधन और फैंस दोनों को हैरान कर दिया है.



अभी तक अय्यर के अचानक लौटने का आधिकारिक कारण सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनके इस तरह से लौटने का कारण व्यक्तिगत बताया जा रहा है. उनके जाने के बाद उप-कप्तान ध्रुव जुरेल टीम की कमान संभालेंगे.अय्यर की जगह किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम में जगह नही दी गई है. अय्यर ने बीसीसीआई से भी पर्सनल कारण बताते हुए छुट्टी मांगी है. टाइम्स ऑफ इंडिया के एक सूत्र के अनुसार अय्यर ने पहले ही सिलेक्टर्स को दूसरे मैच में अपनी अनुपस्थिति के विषय में जानकारी दे दी थी और टीम चयनकर्ता उनका भविष्य वेस्टइंडीज सीरीज में खेलने के संदर्भ में देख रहे हैं.

### श्रेयस अय्यर का हालिया फॉर्म

श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन इस सीरीज में उतना शानदार नही रहा. पहले अनऑफिशियल टेस्ट में वो सिर्फ 8 रन ही जोड़ पाए. वहीं, दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भी उनका प्रदर्शन औसत रहा, और उन्होंने क्रमशः 25 और 12 रन की पारी खेली, लेकिन इसके बाद भी चयनकर्ताओं उनपर नजर बनाए हुए हैं. अय्यर ने इस साल की शुरुआत में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में भी शानदार पारियां खेली थी. उन्होंने टूर्नामेंट में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए थे. इसके अलावा आईपीएल में भी पंजाब की टीम को वह फाइनल तक लेकर गए थे.

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचने से चूकी भारतीय महिलाओं को एक और झटका

## अब 10% काटी गई मैच फीस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम (पूर्व में फिरोजशाह कोटला स्टेडियम) में शनिवार 20 सितंबर 2025 को इतिहास रचने से चूकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एक झटका लगा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार 23 सितंबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। शनिवार को फिरोजशाह कोटला मैदान पर स्मृति मंधाना की 125 रन की धमाकेदार पारी के बावजूद मेजबान भारत को 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से सीरीज जीत ली, जबकि भारतीय महिला टीम कंगारुओं के खिलाफ पहली बार वनडे सीरीज अपने नाम करने से चूक गई। आईसीसी के मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया, क्योंकि समय सीमा को ध्यान में रखते हुए भारत को निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा गया, खिलाड़ियों और प्लेयर्स सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर गति से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा कम फेंके जाने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद भी खुश नहीं स्मृति मंधाना, कहा- विश्व कप से पहले हमें ताकत और कमजोरियां दिखा गई यह



सीरीज बयान में यह भी कहा गया, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। धीमी ओवर गति की रिपोर्ट मैदानी अंपायर लॉरेन एजेनबाग और जननी नारायणन ने की थी। इसमें थर्ड अंपायर गायत्री वेणुगोपालन और फोर्थ अंपायर वृंदा राठी की भी सहमति शामिल थी।

### ऑस्ट्रेलिया को भी लगा झटका

इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के लिए भी एक बुरी खबर आई। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में जगह बनाने का इंतजार और बढ़ गया, क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवरों के टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। ग्रेस हैरिस को शनिवार 20 सितंबर 2025 को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी।

### स्वदेश लौटेंगी ग्रेस हैरिस, हीथर ग्राहम खेलेंगी

ग्रेस हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को टीम में शामिल किया है। हीथर ग्राहम महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में बुधवार और गुरुवार (24 और 25 सितंबर) को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पहले दो मुकाबलों में हिस्सा लेने के बाद भारत में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगी।

## राहुल द्रविड़ के बेटे समित पर भारी पड़ा सचिन तेंदुलकर का लाल अर्जुन, सिर्फ नौ रन पर कर दिया आउट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक के अलूर में सोमवार (22 सितंबर) को दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बेटे के. थिमप्पिया मेमोरियल टूर्नामेंट में आमने-सामने हुए। गोवा के लिए अर्जुन तेंदुलकर ने कर्नाटक सेक्रेटरी इलेवन के समित द्रविड़ का विकेट लेकर इस मैच को यादगार बना दिया। समित द्रविड़ ने 26 गेंदों पर 9 रनों की अपनी पारी के दौरान दो चौके लगाए। एक शॉट लॉन्ग ऑफ की ओर गया जबकि दूसरा कवर्स में गया। हालांकि, अर्जुन तेंदुलकर ने उन्हें काशब बाकले के हाथों कैच करा दिया। इस टूर्नामेंट में कर्नाटक के कुछ शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा हैं। इनमें हाल ही में इंग्लैंड का दौरा करने वाले खिलाड़ी करुण नायर और प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं। करुण इस मैच में खेल रहे हैं और वह 3 रन बनाकर आउट हुए।

**कर्नाटक की बल्लेबाजी** - कर्नाटक ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट पर 245 रन बनाए। कृतिक कृष्णा 89 रन बनाकर क्रीज पर हैं। लोचन गौड़ा ने 88 रन बनाए। फैजान खान ने 29 और राजवीर वाधवा ने 14 रन बनाए। समित द्रविड़ 9, माधव बजाज 4 और करुण नायर 3 रन बनाकर आउट हुए। निकिन जोस और ध्रुव पी बगैर खाता खोले आउट हुए। अभिषेक अहलावत बगैर खाता खोले क्रीज पर हैं।

# क्यों हो रहीं विनेश फोगाट वाली गलतियां?

## WFI ने पेरिस ओलंपिक के मेडलिस्ट को जारी किया कारण बताओ नोटिस, 27 तक देना होगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने सोमवार 22 सितंबर 2025 को पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को विश्व चैंपियनशिप में स्वीकार्य वजन सीमा पर खरा नहीं उतर पाने को लेकर सोमवार को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया। अमन पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती 57 किलोग्राम स्पर्धा में पदक के प्रबल दावेदारों में से एक थे, लेकिन प्रतियोगिता के दिन उनका वजन स्वीकार्य सीमा से 1.7 किलोग्राम अधिक निकला, जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया।

**4-4 कोचों के बावजूद क्यों हुआ ऐसा** - डब्ल्यूएफआई ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि जगरेब में चार कोच मौजूद थे, लेकिन वे वजन प्रबंधन पर नजर नहीं रख पाए और इसके मद्देनजर उन्हें भी 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के एक पदाधिकारी ने बताया, 'यह स्वीकार्य नहीं है। हमें इसके पीछे के कारणों का पता लगाना होगा। दो महीने से भी कम समय में हमारे दो अच्छे पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। हमें इसकी जांच करनी होगी, इसलिए हमने अमन को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है।'



### कोचों की भी जिम्मेदारी थी: डब्ल्यूएफआई

डब्ल्यूएफआई के पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य कोच जगमंदर सिंह, विनोद, वीरेंद्र और नरेंद्र को भी स्पष्टीकरण देना होगा। उन्होंने बताया कि अमन और चारों कोच से 27 सितंबर तक जवाब देने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया, 'वहां 10 पहलवान और चार कोच थे। उन्हें इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए था। वे प्रतियोगिता से 15 दिन पहले वहां थे। यह उनकी भी जिम्मेदारी थी, इसलिए उन्हें भी स्पष्टीकरण देना होगा।

### क्या कहता है WW का नियम?

साल 2023 में जारी यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार, विश्व कप, यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए दो किग्रा तक अधिक वजन तक की मंजूरी है। हालांकि, विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसे टूर्नामेंटों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वीकार्य वजन सीमा पर खरा नहीं उतर पाने के कारण ही विनेश फोगाट स्वर्ण पदक मुकाबले (महिला 50 किग्रा वर्ग) में हिस्सा नहीं ले पाई थीं। तब विनेश फोगाट का वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था।

### पहले विनेश फोगाट अब अमन सहरावत

विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित होने के बाद, किसी स्टार भारतीय खिलाड़ी (अमन सहरावत) के ज्यादा वजन का यह पहला मामला है। हालांकि, एक महीने से भी कम समय में विश्व चैंपियनशिप में किसी भारतीय के साथ यह अयोग्यता की दूसरी घटना है। अगस्त 2025 में बुल्गारिया के समोकोव में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप से नेहा सांगवान (महिला 59 किग्रा) को स्वीकार्य सीमा से 600 ग्राम अधिक वजन होने के कारण बाहर कर दिया गया था। इसके बाद डब्ल्यूएफआई ने नेहा सांगवान को दो साल के लिए निलंबित कर दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### समय से फ्लैट न देने पर शिकायतकर्ता को 10 लाख रुपये देगी कंपनी

**गुरुग्राम।** समय से फ्लैट का पजेशन न देने पर बिल्डर कंपनी 10 लाख रुपये शिकायतकर्ता को और 33 लाख रुपये बैंक को वापस करेगी। शिकायतकर्ता को मिलने वाली राशि नौ प्रतिशत की ब्याज दर से वापस की जाएगी। 48 महीने में फ्लैट का पजेशन न मिलने पर शिकायतकर्ता ने अपने फ्लैट की बुकिंग कैंसिल कर दी थी। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की सदस्य खुशविंदर कौर ने दिया है।
सेक्टर-30 निवासी शशांक राज ने आयोग में दायर की याचिका में बताया था कि कर्नाटक के जिला बेंगलुरु के हीरांडाहल्ली गांव में लैंडस्टार होम्स कंपनी के एक प्रोजेक्ट में एक फ्लैट के लिए 20 अगस्त 2019 को 56.03 लाख रुपये में करार हुआ था। उन्होंने कंपनी को 10 लाख रुपये भी दिए थे। कंपनी की तरफ से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 43 लाख रुपये का लोन कराया गया था। उसमें से 33 लाख रुपये कंपनी के ही खाते में चले गए थे। करार के अनुसार लोन की किस्त फ्लैट के पजेशन देने तक कंपनी को ही देनी थी।

### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट और ई-सिगरेट पकड़ी

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते (सीएम फ्लाइंग) ने दबिश देकर सेक्टर-45 की मार्केट स्थित एक दुकान से प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट और ई-सिगरेट पकड़ी है। प्रतिबंधित सिगरेट बरामद होने पर दुकानदार के खिलाफ सेक्टर-40 थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते को सूचना मिली थी कि ग्रीनवुड प्लाजा मार्केट सेक्टर-45 स्थित प्रिंस पान भंडार में प्रतिबंधित विदेशी और ई-सिगरेट बेची जा रही हैं। टीम ने दुकान पर दबिश दी तो वहां से 14 पीस प्रतिबंधित ई-सिगरेट और 40 पीस विदेशी सिगरेट मिलीं। टीम ने जब दुकानदार से ई-सिगरेट और विदेशी सिगरेट रखने की अनुमति मांगी तो वह पेश नहीं कर पाया। दुकानदार की पहचान बिहार के मोतिहारी निवासी श्याम बाबू कुमार के रूप में हुई, जोकि वर्तमान में गुरुग्राम के कन्हई गांव में रहता है।

# मानेसर निगम सदन में 171 करोड़ के विकास कार्यों पर लगेगी मुहर

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम सदन की बुधवार को होने वाली बैठक में करीब 171 करोड़ के विकास कार्यों पर मुहर लगेगी। इसमें सड़क, सीवर-पानी, ड्रेनेज, 10 हजार एलईडी लाइट खरीदने व बदलने, स्वीपिंग मशीन और साफ-सफाई समेत अन्य कार्य शामिल हैं। सदन में नमो भारत कॉरिडोर के लिए जमीन देने, 20 गांवों में नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) खोलने समेत अन्य मामलों पर भी चर्चा होगी। मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव की अध्यक्षता में मानेसर नगर निगम की साधारण बैठक 24 सितंबर को होनी है। बैठक में क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्यों को सदन की स्वीकृत के लिए रखा जाएगा।



निगम ने डिवीजन एक में करीब 113.95 करोड़ के कार्यों की सूची तैयार की है। वहीं डिवीजन दो में करीब 57.10 करोड़ रुपये के कार्य शामिल हैं। डिवीजन एक में सड़कों के पैच वर्क पर 23.23 लाख रुपये खर्च होंगे। गांव गढ़ी में पानी की सप्लाई बेहतर करने लिए बूस्टिंग स्टेशन पर करीब 60 लाख जबकि गलियों को पक्का करने के लिए 282 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। बरसाती पानी निकासी के लिए ड्रेनेज के निर्माण पर 116 लाख रुपये का प्रस्ताव है। वजीरपुर गांव में जल आपूर्ति पाइप लाइन उपलब्ध कराने और बिछाने पर 114.52 लाख रुपये, पृथ्वीराज चौहान चौक से सिल्वर सरकारी स्कूल और बस स्टैंड गली के पास सड़क निर्माण, इंटरलॉक टाइल्स बिछाने और गांव वजीरपुर नाली निर्माण पर 230 लाख रुपये, भांगरोला रोड और आरएचएम स्कूल से 44 फीट रास्ते तक आरसीसी नाले का निर्माण पर 307.2 लाख रुपये, वार्ड 7 के ढाणा, बसुरिया, बसकुशला गांवों में जलापूर्ति वितरण पाइप लाइन उपलब्ध कराना और बिछाने पर 208 लाख, गांव रामपुरा में सीवर की लाइन और ड्रेनेज पर करीब 364.84 लाख खर्च होंगे। मशीनों से सड़क सफाई 6 माह की अवधि के लिए करीब 452.18 लाख रुपये का खर्च करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा श्मशान घाट को ठीक कराने, सामुदायिक भवनों और गांवों की गलियों को पक्का करने समेत 31 प्रस्ताव शामिल हैं।

### दस हजार नई लाइटें खरीदी जाएंगी

डिवीजन दो में सिकंदरपुर में आरसीसी बॉक्स टाइप स्टॉर्म वाटर के निर्माण पर 203.43 लाख, आईएमटी मानेसर के सेक्टर 1 से सेक्टर 8 तक सोडियम लाइटों को एलईडी लाइटों से बदलने पर 930 लाख रुपये, वार्ड 1 से 20 तक 10,000 एलईडी लाइटों की खरीद पर 690 लाख रुपये और विभिन्न गांवों में 15 स्वागत द्वार बनाने पर 796.5 लाख खर्च करने का प्रस्ताव है। इसके लिए गांवों सीवर, पानी, सामुदायिक भवन और पानी निकासी करने समेत 27 कार्य शामिल हैं।

# मंच तैयार... कल उठेगा पर्दा, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन; सीएम योग आएंगे आज

**ग्रेटर नोएडा :** प्रदेश के उद्योगों को वैश्विक मंच देने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का मंच तैयार है। कल (बृहस्पतिवार) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रेड शो का उद्घाटन करेंगे। उद्यमियों को संबोधित करने के अलावा प्रधानमंत्री अलग-अलग स्टॉल पर भी जाएंगे। जिला प्रशासन और औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम ग्रेटर नोएडा पहुंच रहे हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी भी उनसे पहले दोपहर में ग्रेटर नोएडा पहुंच जाएंगे।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री सुबह 9:30 बजे ग्रेटर नोएडा पहुंच जाएंगे। प्रदर्शनी में शामिल उद्यमियों से प्रधानमंत्री बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री का उद्यमियों के साथ एक फोटो सत्र भी रहेगा। इसमें गौतमबुद्धनगर के उद्यमियों को भी शामिल होने का मौका मिल सकता है। कुछ प्रमुख उद्यमियों के नाम इस सूची में शामिल किए गए हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय से इसके लिए अंतिम रूप से सहमति नहीं मिली है। अधिकारियों का कहना है कि एक्सपो मार्ट के 10 हॉल में यह प्रदर्शनी चलेगी। करीब 2500 कंपनियां यहां अपनी सेवाओं और उत्पाद को प्रदर्शित करेंगीं।

ड्रोन और पैराग्लाइडर उड़ाने पर 24 घंटे रोक : ट्रेड शो-2025 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने निषेधाज्ञा जारी की है। आदेश के मुताबिक गुरुवार को विशिष्ट अतिथियों के आगमन के चलते सुरक्षा कारणों से ड्रोन, गुब्बारे, रिमोट संचालित माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट और



पैराग्लाइडर आदि उड़ाने पर 24 घंटे तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा बुधवार की मध्यरात्रि से प्रभावी होकर गुरुवार रात 12 बजे तक लागू रहेगी।

### ग्रेनो पहुंचा रूसी निवेशकों का प्रतिनिधिमंडल

ग्रेटर नोएडा। रूस की कंपनियों का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ग्रेटर नोएडा पहुंच गया। रूस इस यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में कंट्री पार्टनर भी है। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखा। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव और प्रेरणा सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने निवेश की इच्छा जताई है।

### प्रधानमंत्री की अगवानी करने के लिए आज ही ग्रेनो आ जाएंगे मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज ग्रेटर नोएडा पहुंच जाएंगे। अफसरों ने बताया कि मुख्यमंत्री शाम को ही एक्सपो मार्ट में तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। मंगलवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इससे पहले तैयारियों का निरीक्षण और समीक्षा की।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी जा सकते है सीएम, की गई तैयारी

मुख्यमंत्री बुधवार को आने के बाद नोएडा एयरपोर्ट भी जा सकते हैं। इसकी संभावना को देखते हुए मंगलवार को डीएम मेधा रूपम के साथ यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने नोएडा एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। अधिकारियों का कहना है कि 30 अक्तूबर को नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन में भी प्रधानमंत्री आ सकते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री पहले वहां जा सकते हैं। ऐसे संकेत मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री की जनसभा कहां कराई जा सकती है? अभी इसे देख लिया गया है। गौतमबुद्धनगर के अपने प्रवास के समय मुख्यमंत्री के निरीक्षण की संभावना को देखते हुए एयरपोर्ट के आसपास जरूरी विकास कार्य भी देखे गए हैं।

# मौत की सवारी बना ई-रिक्शा: लापरवाही ने छीनी 12वीं की छात्रा की सांसें, छोटी बहन रह गई घर में अकेली

**नई दिल्ली:** मध्य जिला के पहाड़गंज इलाके में ई-रिक्शा चालक की लापरवाही ने राधिका सोलंकी (16) नाम की 12वीं कक्षा की छात्रा की जान ले ली और दो अन्य छात्राओं और एक युवक को जख्मी कर दिया। तेज रफ्तार से ई-रिक्शा चला रहे चालक ने रेड लाइट जंप करने के बाद अचानक वाहन मोड़ा तो वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन छात्राएं और एक युवक घायल हो गया। घायलों को नजदीकी लेडी हार्डिंग अस्पताल ले जाया गया, जहां राधिका को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं वंशिका (11), मोहम्मद जाहिद (32) व एक अन्य छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वल्सन ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7.30 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस ने राधिका का शव मोर्चरी भेजा। इधर, लोगों ने आरोपी चालक दिलीप (46) को पकड़ लिया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और ई-रिक्शा कब्जे में ले लिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन कर रही है। जाहिद ने पुलिस को बताया कि नबी करीम इलाके से तीन स्कूली छात्राओं के साथ ई-रिक्शा में सवार हुआ था। आरोपी चालक दिलीप बेहद लापरवाही से ई-रिक्शा चला रहा था। उसे टोका भी गया, लेकिन वह नहीं मना। तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक मोड़ने से यह हादसा हुआ।

### माता-पिता पहले ही नहीं अब बड़ी बहन भी नहीं रही

राधिका के पिता संजय सोलंकी की करीब चार साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी जबकि कुछ दिनों बाद सदमे से मां की हृदयघात से मौत हो गई। परिवार में राधिका और उसकी आठ साल की छोटी बहन चकोर ही थी। दोनों बच्चियां अपने ताऊ अशोक सोलंकी के साथ नबी करीम इलाके में रहती थीं। ताऊ ही दोनों बच्चियों को पढ़ा रहे थे। राधिका पहाड़गंज के सरकारी स्कूल में जाती थी। सोमवार को बहन की मौत के बाद से चकोर बदहवास है।

### पिता-पुत्र के साथ मारपीट में चौथा आरोपी भी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** डूंडाहेड़ा गांव के पास होटल संचालक द्वारा खाने के रुपये मांगने पर पिता-पुत्र से मारपीट करने के मामले में उद्योग विहार थाने की पुलिस ने चौथे आरोपी को डीएलएफ फेज-5 से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रोहतक के शिवाजी नगर निवासी साहिल के रूप में हुई है। मारपीट मामले में पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि साहिल व उसके चार अन्य साथी स्कॉर्पियो गाड़ी से दिल्ली जा रहे थे। साहिल का एक साथी एक होटल पर खाना लेने गया, तो वहां होटल मालिक के साथ आरोपी अनीश का झगड़ा पहले ही चल रहा था। साहिल व उसके अन्य साथी को लगा कि होटल मालिक की लड़ाई उसके अन्य साथी के साथ हो गई। इस कारण उन्होंने होटल मालिक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी साहिल को मंगलवार को अदालत में पेश करके चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी साहिल से उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

### जिले में डेंगू पीड़ितों की संख्या हुई 21

**फरीदाबाद।** शहर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू के नए मामलों की पुष्टि की गई है। अब डेंगू पीड़ितों की संख्या 21 हो गई है। वहीं मलेरिया के 13 मामले स्थिर हैं। एक सप्ताह पहले तक डेंगू के 16 मामले थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार एंटी लार्वा एक्टिविटी अभियान चलाकर लार्वा को समाप्त किया जा रहा है। डेंगू के मामले मिलने के बाद पीड़ितों के आसपास के इलाकों में भी एंटी लार्वा एक्टिविटी अभियान चलाया गया। इस दौरान लार्वा मिलने पर आठ लोगों को नोटिस जारी किया गया। डेंगू के नए मामले सेक्टर-21, राहुल कॉलोनी और गांधी कॉलोनी के हैं। स्वास्थ्य विभाग अब तक 2200 लोगों को नोटिस जारी कर चुका है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक लोगों की मलेरिया जांच के लिए ब्लड स्लाइड बना चुका है। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि डेंगू के सभी नए मरीज घर पर ही उपचाराधीन हैं और उनकी हालत स्थिर है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**फरीदाबाद।** कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे पर खराब गाड़ी को ठीक कर रहे दो युवकों को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति के दोनों पैरों के ऊपर से ट्रक गुजर गया। थाना छांयसा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। संभल, उत्तर प्रदेश निवासी प्रेम पाल ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करते हैं। उनके चार बेटे हैं।

# चार नागरिक सुविधा केंद्र व दो सामुदायिक चौपालों का होगा निर्माण



**फरीदाबाद।** शहर और गांवों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम करोड़ों रुपये की लागत से चार बड़े विकास कार्यों को पूरा करेगा। निगम ने इनके लिए प्राथमिक प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसमें चार नागरिक सुविधा केंद्र व दो सामुदायिक चौपाल शामिल हैं।

इन परियोजनाओं का मकसद न केवल शहरी जीवन को सरल बनाना है बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी सामुदायिक ढांचे को सुदृढ़ करना है। इन कार्यों के पूरा होने से हजारों लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे और उन्हें रोजमर्रा की सेवाएं अधिक सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध होंगी।

अधिकारियों के अनुसार, वार्ड नंबर 16 स्थित गांव भांकरी में गुर्जर चौपाल और शौचालय ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। यह चौपाल ग्रामीणों के लिए सामाजिक गतिविधियों और सामुदायिक बैठकों का मुख्य केंद्र बनेगी। स्थानीय लोग यहां विवाह समारोह, बैठकें और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। इसके साथ स्वच्छता के लिए शौचालय ब्लॉक भी बनाया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा और साफ-सुथरा माहौल मिलेगा।

नगर निगम की योजना के तहत दो अलग-अलग कार्यों में कुल चार नागरिक सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें से दो केंद्र सेक्टर-14 और 15ए स्थित जल कार्य परिसर में तैयार होंगे। इसके साथ ही बाकी दो केंद्र ओल्ड फरीदाबाद के वार्ड नंबर 34 के सेक्टर-8 सामुदायिक केंद्र और सेक्टर-7 वार्ड कार्यालय में बनाए जाएंगे।

सुविधा केंद्रों के निर्माण से लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, संपत्ति कर भुगतान और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नागरिकों को अब उनकी ही कॉलोनी और वार्ड में सरकारी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# आश्रम संचालक ने की छात्राओं से छेड़छाड़, केस दर्ज होते ही आरोपी फरार... पुलिस को सरगर्मी से तलाश

**नई दिल्ली :** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में स्थित एक प्रसिद्ध आश्रम के चिन्यमा नंद नाम के संचालक पर 15 से ज्यादा छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। छात्राओं की शिकायत पर वसंतकुंज (नार्थ) थाना पुलिस ने मामला दर्जकर लिया है। जांच में पता चला कि आरोपी महंगी वोल्वो कार में एंबेसी का नंबर लगाकर घूम रहा था।

पुलिस ने कार जब्त कर ली है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है। बताया जा रहा है कि संचालक की आखिरी लोकेशन आगरा में देखी गई। पता चला है कि मठ ने उसे कृत्य की जानकारी होते ही उसे आश्रम से निकाल दिया गया है।

दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार दक्षिण भारत के प्रमुख मठ का एक आश्रम दिल्ली के वसंतकुंज इलाके में है। इसे चलाने के लिए चिन्यमा नंद नामक आरोपी को संचालक नियुक्त किया गया था। आश्रम में मैनेजमेंट की पढ़ाई होती है, जिसके दो बैच हैं। दोनों बैच में 35 से ज्यादा छात्राएं पढ़ती हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छात्राओं ने अपनी शिकायत में बताया कि आश्रम में काम करने वाली कुछ वार्डन आरोपी से मिलवाती थीं। सभी छात्राओं के अदालत में जज समक्ष (183 के तहत) के बयान भी



दर्ज हो गए हैं। मामला दर्ज होने का पता चलने के बाद आरोपी भाग गया है।

### एंबेसी का नंबर अपनी महंगी कार पर लगा रखा था

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी चिन्मया ने अपनी महंगी वोल्वो पर यूएन का नंबर लगा रहा था। उसने कार पर 39 यूएन 1 लिखा हुआ था। पुलिस ने इस बारे में जब यूएन से रिपोर्ट मांगी तो पता चला कि उसे कोई नंबर नहीं दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उसने खुद ही नंबर लिखा था।

# कैलास मानसरोवर भवन का संचालन अब कराएगा जीडीए

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम में स्थित कैलास मानसरोवर भवन का संचालन अब जीडीए करेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद धर्मार्थ कार्य निदेशालय और जीडीए के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हो गया है। जल्द ही जीडीए संचालन के लिए थर्ड पार्टी के चयन के लिए टेंडर निकालेगा। दोनों विभागों के बीच 30 साल के लिए अनुबंध किया गया है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दिनों दोनों विभागों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप स्थलीय निरीक्षण किया था। एमओयू हस्ताक्षरित होने के बाद अब इसे संचालन के लिए पीपीपी मोड पर निजी कंपनी को दिया जाएगा। रखरखाव और निगरानी का जिम्मा मुख्य तौर पर जीडीए के पास रहेगा।

### साल में आठ महीने निजी कंपनी करेगी संचालन

जीडीए सचिव ने बताया कि टेंडर में चयनित फर्म साल में आठ महीने तक भवन का व्यावसायिक उपयोग कर सकेगी। शर्त यह रहेगी कि भवन में व्यसन जैसे शराब या मीट की मनाही रहेगी। कैलास मानसरोवर यात्रा के दौरान चार महीने यह भवन मानसरोवर



यात्रियों के लिए आरक्षित रहेगा।

### लाइसेंस फीस का दोनों विभागों के बीच होगा बंटवारा

टेंडर लेने वाली फर्म से मिलने वाले लाइसेंस शुल्क का दोनों विभागों के बीच बंटवारा होगा। एमओयू के मुताबिक 15 फीसदी जीडीए और 85 फीसदी धर्मार्थ कार्य निदेशालय लेगा। करीब आठ हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले इस भवन का निर्माण धर्मार्थ विभाग द्वारा कराया गया था। यह भवन न केवल धार्मिक यात्राओं के लिए बल्कि शहर के पर्यटन, सांस्कृतिक आयोजनों और सामाजिक उपयोग के लिहाज से भी बेहद अहम है। जीडीए वीसी अतुल वत्स ने बताया कि इस भवन को धार्मिक भावना के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से लैस करते हुए एक आदर्श सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

# बेलगाम वाहन ने दो सिक्योरिटी गार्डों को मारी टक्कर, एक की मौत

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में सोमवार रात पैदल जा रहे दो सिक्योरिटी गार्डों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर चोटें लगने से एक गार्ड की मौत हो गई, जबकि दूसरा निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। मृतक की पहचान मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) के नंगला गुलाल गांव निवासी रिंकू (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि घायल राजीव उत्तर प्रदेश के इटावा का रहने वाला है। रिंकू एक कंपनी में बतौर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। राजीव भी इसी कंपनी में गार्ड है। इन दिनों रिंकू और राजीव की ड्यूटी सोहना रोड पर अमेरिकन एक्सप्रेस कंपनी में चल रही थी। सोमवार रात को करीब 10 बजे ड्यूटी खत्म करके वे पैदल ही कमरे पर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रिंकू व राजीव को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर लगने से रिंकू के सिर, हाथ व पैर में गंभीर चोटें लगी और राजीव के हाथ व पैर पर चोट लगी। हादसे की सूचना मिलते ही खेड़कीदौला थाने की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दोनों के कमरे पर नहीं पहुंचने के कारण उनके साथियों ने कंपनी में जानकारी ली तो ड्यूटी खत्म होने के बाद घर चले जाने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने रिंकू व राजीव के जानकारों को हादसे के बारे में सूचना दी तो वे अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने रिंकू के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया।

# परिवार का बहिष्कार होने पर मानसिक रूप से परेशान कांस्टेबल ने की आत्महत्या

**गुरुग्राम।** सिविल लाइंस स्थित कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के घर की सुरक्षा में तैनात एक कांस्टेबल जगबीर सिंह ने गार्ड रूम में सोमवार रात जहरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या कर ली। गांव में परिवार का बहिष्कार होने से जगबीर सिंह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। सोमवार की रात करीब 2.30 बजे एक पुलिसकर्मी गार्ड रूम में अंदर आया तो कांस्टेबल जगबीर सिंह को अचेत अवस्था में देखा। सहकर्मी ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को इसके बारे में सूचना दी। जब जगबीर सिंह को अस्पताल में लेकर गए तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया था।

मृतक जगबीर सिंह झज्जर जिले के भूरावास गांव का निवासी था और वर्ष 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कैबिनेट मंत्री



बनने पर राव नरबीर सिंह के घर पर सुरक्षा में तैनात किया गया था। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक कांस्टेबल जगबीर सिंह के परिजनों ने गुरुग्राम के सिविल लाइंस थाने में भूरावास गांव के सुरेंद्र, अनुज, नीलम, जयभगवान, सुनील, कपिल, सुमित के खिलाफ शिकायत दी है। परिवार वालों ने इन लोगों पर जगबीर को प्रताड़ित करने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि कांस्टेबल जगबीर सिंह अपने भतीजे के गांव की एक लड़की से शादी करने पर पंचायत द्वारा उनके परिवार का बहिष्कार करने से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे।

जानकारी के अनुसार, जगबीर सिंह (49 वर्ष) वर्ष 2014 में हरियाणा पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुए थे। इससे पहले वे आर्मी में जाट रेजीमेंट में तैनात रह चुके थे। आर्मी से सेवानिवृत होने के बाद हरियाणा पुलिस में नियुक्त हुए थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि कांस्टेबल जगबीर सिंह के भतीजे ने करीब चार माह पहले गांव की एक लड़की से बिना बताए शादी कर ली थी। इसी वजह से भूरावास गांव के लोगों ने पिछले सप्ताह पंचायत करके जगबीर सिंह के परिवार का बहिष्कार कर दिया था। बहिष्कार होने से गांव के लोगों ने उनके परिवार वालों से बोलचाल बंद की हुई है, जिस कारण वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। बताया जा रहा है कि भूरावास गांव की पंचायत द्वारा बहिष्कार के फैसले को वापस लेने के लिए दो दिन पहले ही जगबीर सिंह गांव गए थे और पंचायत व ग्रामीणों से माफी भी मांगी थी लेकिन गांव में मामले का कोई समाधान नहीं निकलने के कारण कांस्टेबल जगबीर सिंह ने जहरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि जगबीर सिंह के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों के अनुसार जगबीर सिंह ने सल्फास का सेवन किया था, जिससे उसकी मौत हुई।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक और प्रकाशक शरद पाराशर द्वारा साईं प्रिंटर्स म.नं. 19 शॉप नं. 3 जिंसी पुलिस चौकी के पास जहांगीराबाद, भोपाल म.प्र.से मुद्रित करवाकर ए-52 कस्तूरबा नगर भोपाल से प्रकाशित।
संपादक- शरद पाराशर मो.9425023929, समाचार सम्पादक :-सेजल दीक्षित (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)